# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

नई दिल्ली

शुक्रवार 31 जुलाई 2026

श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 103
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 26

पश्चिम एशिया संकट पर केंद्र हाई अलर्ट पर

# पीएम मोदी ने बुलाई सीसीएस की बैठक भारतीयों की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में लगातार गहराते संघर्ष और उसके भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की चौथी विशेष बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति, उर्वरकों की उपलब्धता, समुद्री व्यापार, भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' के तहत समन्वित ढंग से काम करने के निर्देश दिए।

संबंधित मंत्रियों को प्रधानमंत्री ने सभी घटनाक्रमों की नियमित और रियल-टाइम निगरानी के लिए एक एकीकृत तंत्र विकसित करने को कहा, ताकि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप तत्काल निर्णय लिए जा सकें और नागरिकों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि संकट की स्थिति में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने पश्चिम एशिया की मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति और उससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एलपीजी आयात के स्रोतों में विविधता ला दी है तथा कच्चे तेल, एलएनजी, एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे देश में ईंधन आपूर्ति पर कोई तात्कालिक संकट नहीं है।

## ध्यान रखें: उर्वरक की कमी न हो

आगामी रबी सीजन को देखते हुए बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी परिस्थिति में उर्वरकों की कमी का सामना न करना पड़े। इसके लिए वैकल्पिक आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के उपायों की भी समीक्षा की गई। बैठक में पहली बार संघर्ष प्रभावित समुद्री क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री ने उनके और उनके परिवारों के लिए समय पर सूचना, आपातकालीन सहायता और परामर्श उपलब्ध कराने हेतु समर्पित तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है जब पश्चिम एशिया और उससे जुड़े समुद्री मार्गों पर तनाव के कारण वैश्विक शिपिंग गतिविधियां प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च ▶▶ शेष पेज 5 पर

एंटी-पेपर लीक बिल पास होने पर पीएम मोदी ने जारी किया वीडियो संदेश

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले माफिया बख्शे नहीं जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों से 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक' पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक अहम वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में एक अत्यंत भरोसेमंद, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि पेपर माफिया और प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ सरकार किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस नए कानून का ढांचा तैयार करते समय देश के सभी राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है, क्योंकि पिछले कई वर्षों से केंद्र और राज्य दोनों ही स्तरों पर पेपर लीक की समस्या एक गंभीर चुनौती बनी हुई थी।



विधेयक को संसद की मंजूरी के बाद पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का जताया भरोसा

अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के युवाओं से जो वादा किया था, उसे पूरा करने की दिशा में यह ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### अस्पताल की राइड कैंसिल, तो जुर्माना



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने कैब कंपनियों और उनके ड्राइवरों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए सख्त रुख अपनाया है। अब एयरपोर्ट, अस्पताल या रेलवे स्टेशन जैसे बेहद जरूरी स्थानों के लिए बुक राइड को यदि चालक बिना किसी जायज वजह के कैंसिल करता है तो उस पर सामान्य जुर्माने 5 गुना लगेगा।

#### कारोबारी के घर से 21.5 करोड़ का सोना जब्त



**बीरभूम।** जिले में पुलिस ने बड़े छापेमारी अभियान के तहत एक पत्थर कारोबारी के ठिकाने से 21.5 करोड़ मूल्य का 15 किलो सोना और 28.5 करोड़ से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की है। नोटों का पहाड़ इतना बड़ा था कि गिनती के दौरान 5 करेंसी काउंटिंग मशीनें खराब हो गईं।

तीन बार के स्थगन के बाद शुक्रवार तक के लिए स्थगित की गई कार्यवाही

# लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच पारित हुआ वंदे मातरम विधेयक, मिलेगी राष्ट्रगान जैसी सुरक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के शोरशराबे के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अपमान को कानूनी अपराध बनाने वाला 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक 2026' पारित हो गया है। संसद के उच्च-सदन यानी राज्यसभा द्वारा पहले ही इस विधेयक को हरीझंडी प्रदान की जा चुकी है। जिसके बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और फिर यह कानून का रूप ले लेगा। यहां बता दें कि विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने के बाद अब राष्ट्रीय गीत के गाए जाने के दौरान (संपूर्ण 6 छंदों के साथ) उसमें बाधा डालना या किसी को वंदे मातरम गाने से रोकना भी अपराध माना जाएगा और उसके लिए 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अब तक राष्ट्रगान के अपमान पर इस तरह की सजा होती है। पूर्व में वंदे मातरम के केवल दो छंद गाने की ही सरकारी अनुमति मिली हुई थी।

**नेहरू के तुष्टिकरण से हुआ विभाजन :** सुबह 11 बजे के बाद तीन बार के स्थगन के बाद साढ़े तीन बजे शुरू हुई सदन के कार्यवाही के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक को सदन के पटल पर रखा। इस दौरान कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सांसदों की लोकसभा अध्यक्ष के आसन के ठीक सामने सरकार विरोधी नारेबाजी जारी रही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक विधेयक नहीं है। बल्कि यह आजादी के बाद वर्ष 1950 में राष्ट्रगान जन-गण-मन को दिए गए सम्मान के बाद अब मौजूदा मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रगीत को भी उसी तर्ज ▶▶ शेष पेज 5 पर

द्रमुक ने विरोध में फाड़ी बिल की प्रति-कहा, ये विधेयक अलोकतांत्रिक होने के साथ ही संघीय ढांचे के खिलाफ है



### पीएम मोदी को दिया श्रेय

नित्यानंद राय ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा वंदे मातरम विधेयक के जरिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत का संकल्प पूरा होता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने दशकों पहले यह भविष्यवाणी की थी कि 21 वीं सदी का भारत केवल आर्थिक या भौतिक बल से ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति और ज्ञान के आधार पर विश्वगुरु बनेगा यानी पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। एक वो नरेंद्र थे और एक आज के हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जो स्वामी विवेकानंद की भविष्यवाणी को ही वर्तमान में साकार करने में लगे हुए हैं।

### 1950 में पहली बार सामने आया विचार

उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 1950 में डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में वंदे मातरम को लेकर एक प्रस्ताव रखा था। उस दौर में बंकिम चंद्र चटर्जी ने कहा था कि मैं रहूं या न रहूं, एक दिन वंदे मातरम भारत के लोगों का मूल मंत्र होगा। वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद वल्लभ भाई पटेल ने पहली बार ऑल इंडिया रेडियो पर इसका गायन कराया था। इतना ही नहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने भी अपनी शहादत के वक्त राष्ट्रगीत वंदे मातरम का ही गायन किया था।

### गांधी परिवार की सरकारों का असल दोष

हंगामे के दौरान सत्ता पक्ष से विधेयक पर बोलते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राष्ट्रीय गीत का अपमान कोई साधारण मामला नहीं है। केंद्र सरकार बीते वर्ष 26 नवंबर से इस साल 26 नवंबर तक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 125वीं वर्षगांठ मना रही है। जबकि इसे लेकर केंद्र के स्तर पर सघन चर्चा की गई है। अब वंदे मातरम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### द्रमुक ने देश के लिए बताया खतरनाक

द्रमुक सांसद कनिमोझी ने इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है और देश के संघीय ढांचे के भी पूरी तरह से खिलाफ है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कैसे सदन में बिना किसी चर्चा के इस विधेयक को पारित करा सकती है? यह केंद्र द्वारा किया जा रहा ध्रुवीकरण का प्रयास है। विधेयक के जरिए सरकार तमिलनाडु का अपमान कर रही है। जबकि पार्टी के एक अन्य सांसद डी.राजा ने कहा कि आज का दिन संसद और देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने वीर सावरकर पर भारत का विभाजन करने का आरोप लगाया। जिसके तुरंत बाद सत्ता पक्ष आक्रोशित हो गया और पीठासीन सभापति संध्या राय ने विधेयक को पारित कराया और कार्यवाही को 3 बजकर 45 मिनट पर शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

परीक्षा सुधार राज्यसभा में तीखी बहस

## सरकार बोली - 2 महीने में जांच, 3 महीने में फैसला, विपक्ष के कहा - केवल कानून से नहीं रुकेगी पेपर लीक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल जैसे अपराधों पर सख्ती के उद्देश्य से लाए गए 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पर गुरुवार को राज्यसभा में विस्तृत चर्चा शुरू हुई। लोकसभा से पारित होने के बाद राज्यसभा में विधेयक पर विचार और पारित कराने के लिए केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसे सदन में पेश किया। सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने बताया कि विधेयक पर चर्चा के लिए सात घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

विधेयक पेश करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह कानून देश के छात्रों और युवाओं के भविष्य की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संशोधित कानून के तहत पेपर लीक और परीक्षा में धांधली से जुड़े मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करना अनिवार्य होगा, जबकि आरोपपत्र दाखिल होने के तीन महीने के भीतर मुकदमे का निस्तारण करना होगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं केवल किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों और पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों के दौरान भी ऐसे मामले सामने आते रहे हैं।

#### विधेयक की प्रमुख विशेषताएं

संशोधन विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए कई कठोर प्रावधान किए गए हैं। दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष तक के कठोर कारावास, 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने तथा दोषियों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में ऐसे मामलों की रोजाना सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करना अनिवार्य होगा। कानून के तहत एफआईआर दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी करनी होगी और आरोपपत्र दाखिल होने के तीन महीने के भीतर मुकदमे का फैसला सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। इससे परीक्षा संबंधी अपराधों में त्वरित न्याय और कड़ी जवाबदेही सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

चर्चा की शुरुआत करते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस विधेयक का समर्थन करती है, लेकिन इसमें किए गए संशोधन केवल 'कॉस्मेटिक बदलाव' हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रावधान इतने कठोर नहीं हैं कि वे सार्वजनिक परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और पेपर लीक मुक्त बना सकें। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों के व्यापक विरोध, परीक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मप्र के सीएम मोहन यादव की कोशिशें रंग लाई केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयास फलीभूत हुए ग्वालियर बनेगा देश का पहला मैन्युफैक्चरिंग हब




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को नई गति देते हुए गुरुवार को देश के पहले टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन की स्थापना का रास्ता साफ हो गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश सरकार के बीच इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह देश का पहला समर्पित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन ग्वालियर में स्थापित किया जाएगा। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में बनने वाला यह टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन भारत को दूरसंचार उपकरणों के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से देश में अत्याधुनिक दूरसंचार उपकरणों का उत्पादन बढ़ेगा और भारत वैश्विक सप्लाई चेन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह परियोजना मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास में नया अध्याय जोड़ेगी। इससे राज्य में बड़े निवेश आएंगे, हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा ग्वालियर हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। इस टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन में 5जी, 6जी, ऑप्टिकल फाइबर, नेटवर्किंग उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर तथा दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े आधुनिक उत्पादों के निर्माण, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि यह परियोजना न केवल घरेलू विनिर्माण को मजबूती देगी, बल्कि भारत को दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी आगे बढ़ाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्वालियर में बनने वाला देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन निवेश, रोजगार, तकनीकी नवाचार और निर्यात के नए अवसर पैदा करेगा तथा भारत के दूरसंचार उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बस्तर पंडुम-2026 के विजेताओं का हुआ विशेष अभिनंदन

## राष्ट्रपति भवन में बस्तर के मांझी-चालकी बने खास मेहमान, राष्ट्रपति ने खुद परोसा भोजन

राष्ट्रपति भवन में पहली बार दिखा बस्तर की जनजातीय संस्कृति का ऐसा वैभव : गृहमंत्री अमित शाह

छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहुँचे 209 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के सर्वोच्च संवैधानिक भवन 'राष्ट्रपति भवन' में आज एक नया इतिहास रचा गया। नई इबारत लिखी गई। पहली बार बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक-परंपराओं और वेशभूषा का ▶▶ शेष पेज 5 पर

भोजशाला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्देश

## शुक्रवार नमाज के लिए परिसर के पास जगह दे मप्र की सरकार

*कोर्ट ने कहा*
*कानून-व्यवस्था संभालने के साथ धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना भी संवैधानिक दायित्व*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ धार

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्देश दिया है। अदालत ने मध्य प्रदेश प्रशासन को शुक्रवार की नमाज़ के लिए भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास एक स्थान उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समुदाय को खसरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## देश का स्पोर्ट्स पावर हाउस बना हरियाणा, सबसे ज्यादा मेडल जीतते हैं हमारे युवा : नायब

नई दिल्ली में आयोजित स्पोर्ट्स फिटनेस और इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपो में शामिल हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि हरियाणा देश में स्पोर्ट्स का पावरहाउस बन गया है। हमारे प्रदेश की आबादी केवल देश की कुल आबादी की 2 प्रतिशत है लेकिन जब भी ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेल या राष्ट्रमंडल खेलों की बात होती है तो हरियाणा के सबसे अधिक खिलाड़ी मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम ऊंचा करते ▶▶ शेष पेज 5 पर

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने मामले में जताया विरोध, अखबार की हेडलाइन को बताया पूरी तरह गलत और भ्रामक

कहा, हकीकत में यह इलाका पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर यानी पीओके है

# न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडलाइन पर 'उखड़ा' भारत बोला-पाकिस्तानी कश्मीर नाम की कोई चीज नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर में दी गई हेडलाइन और उसमें इस्तेमाल किए गए पाकिस्तानी कश्मीर शब्द को लेकर भारतीय दूतावास ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया देते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। एक्स पर की गई एक एक्स पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि पाकिस्तानी कश्मीर नाम की कोई चीज नहीं है। अमेरिकी अखबार की शब्दावली पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। जिसे वो पाकिस्तानी कश्मीर बता रहा है। हकीकत में वो पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर यानी पीओके है। यहां बता दें कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने बीते वक्त में पीओके में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसक झड़पों को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी। जिसकी हेडलाइन में लिखा था, 'स्थानीय ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पाक संग पीओके पर होगी बातचीत: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीते 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की वर्षगांठ के अवसर पर द्रास में दिए अपने संबोधन में कहा था कि आतंकवाद पाकिस्तान की राज्य नीति का हिस्सा है। अब उससे बातचीत केवल पीओके के मुद्दे पर ही हो सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही भारत के इस इलाके पर अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाया हुआ है। लेकिन इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि देश की सेनाएं और पूरा राष्ट्र पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमेशा पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार है।

### यूएन में भी खुलकर किया ऐलान

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सहित कई अन्य वैश्विक मंचों पर भी नई दिल्ली ने साफ किया है कि जम्मू-कश्मीर (लद्दाख के साथ) उसका अभिन्न और अटूट अंग है और हमेशा रहेगा। जुलाई महीने में यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी देश के इसी पक्ष को दोहराया था। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में यही भारत की संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता है। जिसे पाकिस्तान नजरअंदाज करता रहता है। हरीश ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में पाकिस्तान के साथ भारत का केवल एक ही मुद्दा है। वह उसके द्वारा देश के संप्रभु क्षेत्र पर किया गया हमला और अवैध कब्जा है। बांग्लादेश में आयोजित की गई एक विदेश नीति संगोष्ठी के दौरान भारतीय उच्चायोग की द्वितीय सचिव पूजा झा ने भी बीते वक्त में भारत के गलत नक्शे को लेकर आपत्ति जताई थी।

# द्वारका में गन प्वाइंट पर रेप का आरोपी चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने द्वारका नॉर्थ थाना एरिया में गन प्वाइंट पर रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी केस में भगौड़ा घोषित हो चुका था। वह 2024 से बार बार अपने ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। जांच में पता चला कि इसके खिलाफ पहले से सात आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे महाराष्ट्र के नागपुर में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में 'घोषित अपराधी' करार दिया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मुदित चावला को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। वह द्वारका नॉर्थ पुलिस स्टेशन में दर्ज रेप केस में वांछित था। आरोपी ने कथित तौर पर बंदूक की नोक पर रेप किया और शिकायतकर्ता की अश्लील तस्वीरें व वीडियो रिकॉर्ड किए। बाद में उसे ब्लैकमेल कर उसका लगातार यौन शोषण किया। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका पति अक्टूबर 2020 से अगस्त 2023 तक एक मर्डर केस के सिलसिले में तिहाड़ जेल में बंद था। इस दौरान उसकी जान पहचान मुदित चावला से हुई। जेल से रिहा होने के बाद मुदित उसके पति के माध्यम से शिकायतकर्ता के संपर्क में आया और उसे अपना छोटा भाई मानने के लिए कहकर उसका भरोसा जीत लिया। जुलाई 2023 में मुदित चावला ने शिकायतकर्ता को द्वारका स्थित अपने घर बुलाया। वह अपने पति को बताकर अपने तीन साल के बेटे के साथ वहां गई। आरोपी ने कथित तौर पर उसके बेटे को बंदूक दिखाकर धमकाया। उसे बेहोश करने के लिए इंजेक्शन दिया और बाद में उसके साथ रेप किया। उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए गये। इसके बाद उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। आरोप है कि उसने महिला को वीडियो कॉल के दौरान अश्लील हरकतें करने के लिए भी मजबूर किया। लगातार मिल रही धमकियों और शोषण को बर्दाश्त न कर पाने पर शिकायतकर्ता ने अपने पति को इन घटनाओं के बारे में बताया और पुलिस से संपर्क किया। 19 सितंबर 2024 को द्वारका नॉर्थ पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376/506 के तहत दर्ज की गई थी। स्थानीय पुलिस की लगातार कोशिशों के बावजूद आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका क्योंकि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपनी छिपने की जगह बदल रहा था। 29 जनवरी 2025 को कोर्ट ने आरोपी को केस में भगौड़ा घोषित कर दिया। ठिकाने बदलने के साथ साथ आरोपी ने अपना नाम मुदित से बदलकर राजवीर कर लिया था। इसके नांगलोई इलाके में छिपे होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी नांगलोई का रहने वाला है। उसका जन्म करोल बाग में हुआ था। उसने दिल्ली से ग्रेजुएशन किया और उसके बाद 2007 में पुणे से एमबीए किया था। पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद उसने ओखला में एयरटेल हेड ऑफिस और बाद में पंजाब के मोहाली में डेल कंपनी में काम किया। इसके बाद इसने करोल बाग में तांबे के तार का अपना बिजनेस शुरू किया। इस दौरान आरोपी को क्रिकेट सट्टेबाजी की लत लग गई और कथित तौर पर उसे लगभग 1 करोड़ का नुकसान हुआ। अपना नुकसान पूरा करने के लिए इसने नकली चेक जारी करके जौहरियों को धोखा देना शुरू कर दिया और धीरे धीरे यह आदतन धोखेबाज बन गया।

# ज्योति नगर हत्या केस सुलझा, तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी जिले के ज्योति नगर थाना अंतर्गत न्यू कर्दमपुरी में मंगलवार देर रात हुई 17 वर्षीय युवक की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे अपराध में इस्तेमाल हथियार यानि चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को रात लगभग 11 बजे, ज्योति नगर पुलिस स्टेशन को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि कर्दमपुरी निवासी एक 17 वर्षीय युवक को अस्पताल लाया गया था, जिसे डॉक्टरों ने 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक को गली नंबर 4 में तीन हमलावरों ने चाकू मारा था। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अहम सबूत इकट्ठा किए। इसके बाद ज्योति नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की। इकट्ठा किए गए सबूतों के आधार पर हत्या में शामिल तीन संदिग्धों की पहचान की गई। इनमें क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों अरमान (20) और अल्फैज (19) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया, जिसके दौरान उन्होंने अपराध में अपनी संलिप्तता कबूल की और बताया कि मृतक के साथ उनकी पुरानी रंजिश थी। आरोपी अरमान की निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल चाकू और घटना के समय उसके द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए गए। इसके बाद फरार चल रहे तीसरे आरोपी अमन खान (23) को ज्योति नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना संख्या
NER-BSB0SnT-OT-38-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है:–

**क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-38-2026: कार्य का नाम: स.म.सि.दू.इ./वाराणसी एवं स.म.सि.दू.इ./मऊ के सेक्शन में बाकी जगहों पर फायर अलार्म डिटेक्शन सिस्टम के साथ एस्पिरेशन–टाइप फायर अलार्म सिस्टम लगाने का कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,86,74,012.69, बयाना की राशि (रू०में): ₹ 5,73,500/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 24-08-2026 को 15:00 बजे।

(1) ई–निविदा दिनांक 24-08-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. *www.ireps.gov.in* देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-83 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह से जुड़े नाबालिग सहित दो पकड़े

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में क्राइम ब्रांच की टीम ने मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह के एक संदिग्ध सदस्य और एक किशोर को पकड़ लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ रोहिणी के सेक्टर 29 के पास तब हुई, जब एक पुलिस टीम ने स्कूटर पर खेड़ा खुर्द की ओर से आ रहे दो संदिग्ध लोगों को रुकने का इशारा किया। लेकिन स्कूटर सवार लोगों ने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई की गई और कुछ देर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव पुत्र** ज्ञान प्रकाश **निवासी** मकान नं0 148, गांव मोलरबंद, बदरपुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 406/2016, U/S 323/325/341 IPC, पुलिस स्टेशन बदरपुर, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 406/2016, U/S 323/325/341 IPC, पुलिस स्टेशन बदरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विनोद जोशी**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**दक्षिण–पूर्व ज़िला, कोर्ट नं0–515,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/10548/SE/2026**
**(Court Matter)**

# प्रतिबंधित चीनी मांझे की 424 चरखियां बरामद, आरोपी दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नबी करीम इलाके में 24 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित चीनी मांझे की 424 चरखियां जब्त की हैं। आरोपी युवक का नाम वसीम राजा बताया गया है।

पुलिस के अनुसार चीनी मांझे के भंडारण को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद थैले में चीनी मांझे की चार चरखियां लेकर जा रहा एक शख्स पकड़ा गया। पूछताछ में उसने उस गोदाम के बारे में जानकारी दी जहां भारी संख्या में चीनी मांझे की चरखियां रखी थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस की एक टीम लक्ष्मण पुरी स्थित एक परिसर पहुंची और सात कार्टन बरामद किए जिनमें चीनी मांझे की 424 चरखियां रखी थी। इस बाबत नबी करीम थाने में मामला दर्ज किया गया है। चीनी मांझा नायलॉन से बना होता है जो आसानी से टूटता नहीं है। जबकि पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला परांपरिक मांझा सूती का होता है और यह डोर आसानी से टूट जाती है। पुलिस ने कहा कि चीनी मांझे से होने वाली घातक दुर्घटनाओं के मद्देनजर इसके अवैध व्यापार के खिलाफ कई साल पहले अभियान शुरू किया गया था।

# दिल्ली पुलिस सीजेपी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। पुलिस ने यह भी साफ किया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को कार्रवाई का सामना हर हाल में करना पड़ेगा। गुरुवार को दिल्ली सरकार के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। गृह विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि इन मामलों में अगर पहले ही गिरफ्तारियां या हिरासत की कार्रवाई हो चुकी है, तो गिरफ्तारियों की समीक्षा करने और गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी। गृह विभाग ने आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार का विरोध-प्रदर्शनों में शामिल लोगों के खिलाफ कोई और दंडात्मक कार्रवाई करने का इरादा नहीं है और इन मामलों को बिना किसी आगे की कार्रवाई के बंद माना जाएगा। आदेश में हालांकि कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश के मुताबिक, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को यह सुरक्षा नहीं मिलेगी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने 20 जुलाई को 'कॉकरोच जनता पार्टी' के 'चलो संसद' मार्च के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में 13 प्राथमिकी दर्ज की हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **(1) कौशल गुप्ता उर्फ कुशल गुप्ता पुत्र** मानिक चंद गुप्ता **निवासी** झुग्गी नं0 211, ठोकर नं0–10, यमुना खादर, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, **यहां भी:** ए–1891, फोन–1, मेट्रो विहार, होलंबी कलान, दिल्ली, **यहां भी:** गांव रामघरी, थाना–नरकी, जिला–फिरोजाबाद, **(2) अनीता पत्नी** कौशल गुप्ता **निवासी** झुग्गी नं0 211, ठोकर नं0–10, यमुना खादर, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, **यहां भी:** ए–1891, फोन–1, मेट्रो विहार, होलंबी कलान, दिल्ली, ने **FIR No. 31/2018, U/S 376/363/323/366/368 IPC & 4/06/21 POCSO Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दो अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 31/2018, U/S 376/363/323/366/368 IPC & 4/06/21 POCSO Act, पुलिस स्टेशन बवाना, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) कौशल गुप्ता उर्फ कुशल (2) अनिता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.10.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अजय नागर**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, (उत्तर),**
**फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोक्सो, कमरा नं0–308,**
**तृतीय तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/10324/ON/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **मनीष, पुत्र: रामपाल, निवासी: ई–81/70, बाल्मीकि बस्ती, झिलमिल कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.209/2020 U/S 392/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना विवेक विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **मनीष** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.209/2020 U/S 392/411/34 IPC, थाना विवेक विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **मनीष** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **07.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, श्री मोहित शर्मा**
**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तीसरी मंजिल,**
**शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/10434/SHD/2026**
**(अदालती मामला)**

# सैन्य कर्मी के साथ लूटपाट के मामले में चौथा आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ !!!



दिल्ली पुलिस ने सस्ता होटल दिलाने के बहाने भारतीय सेना के एक कर्मी के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास लूटपाट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी करीब आठ महीने से चकमा दे रहा था। अब इस मामले के सभी चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में हैं। पुलिस के अनुसार यह मामला तीन दिसंबर 2025 का है। सिक्किम निवासी सैन्य कर्मी ने आरोप लगाया था कि पहाड़गंज इलाके में सस्ता होटल दिलाने के नाम पर उनके साथ लूटपाट की गई है। उन्हें कुछ वक्त दिल्ली रुक कर पंजाब जाने वाली ट्रेन में सवार होना था। पीड़ित से एक बिचौलिए ने संपर्क किया, जिसने उन्हें 600 रुपये में एक होटल में कमरा उपलब्ध कराने की पेशकश की। होटल में ठहरने के बाद बिचौलिए ने उन्हें एक महिला की सेवाओं की कथित तौर पर कई बार पेशकश की, लेकिन सैनिक ने हर बार मना किया। उनके मना करने के बावजूद एक महिला ने कमरे में प्रवेश किया और इसके कुछ देर बाद और तीन लोग कमरे में घुस गए। उन्होंने सैनिक को गलत तरीके से बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट की। ऑनलाइन माध्यम से साढ़े सात हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पीड़ित के सामान की तलाशी भी ली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उसने होटल छोड़ने के दौरान घटना की जानकारी होटल प्रबंधक को दी तो उसने भी उन्हें धमकी दी। शिकायत के बाद पहाड़गंज थाने में केस दर्ज कर चार दिसंबर 2025 को होटल प्रबंधक सोहेल अख्तर, वेटर छोटे लाल और सफाई कर्मी संजय को गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ के दौरान तीनों ने खुलासा किया कि रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सस्ते होटल का झांसा देते और बाद में यौन सेवाओं के लिए भुगतान के बहाने उनसे वसूली करते थे।

# पैरोल लेकर फरार हुआ बच्चे की हत्या का दोषी डेढ़ दशक बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने पैरोल लेकर फरार हुए 10 साल के बच्चे की हत्या के दोषी को 15 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम नरेन्द्र चौहान (48) है। इसे बच्चे को अगवा कर उसकी हत्या करने के जुर्म में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। पुलिस के अनुसार यह मामला 2002 में शालीमार बाग थाने में दर्ज किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अप्रैल 2011 में चौहान को एक महीने की पैरोल दी थी, लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद उसने जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच एक टीम ने गाजियाबाद के छपरोला गांव में किराए के मकान से बुधवार को इसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, चौहान गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना निवास स्थान बदलता था और गाजियाबाद व ग्रेटर नोएडा में विभिन्न स्थानों पर रहता था। उसने फरार रहने के दौरान बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर गुजारा किया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित बच्चे को अगवा कर उसके परिवार से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। जब परिवार रकम देने में नाकाम रहा तो बच्चे की हत्या कर दी गई थी। बाद में इस मामले में सभी आरोपियों को दोषी ठहराया गया था।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र में लाडवा में लोनिवि विश्राम गृह के कार्य के लिए निर्माण। | 28.07.2026 11.08.2026 | 478.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में चत्तरगढ़ पट्टी फाटक (एलएचएस) के निकट आंतरिक शहरी भाग रोड (पुराना एनएच-10) पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के लिए एम.सी. सिरसा द्वारा क्षतिग्रस्त रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 29.07.2026 05.08.2026 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव फखरपुर, पटौदी में महेन्द्र सरपंच के मकान से अनुज के मकान तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव दौलताबाद, पटौदी, गुरूग्राम में गांव से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 24.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव भोकरका, पटौदी में शिव अमृत सरोवर का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 12.08.2026 | 56.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मेहनियावास, पटौदी, गुरूग्राम में शेरशाह सूरी मार्ग पर तालाब का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 10.07.2026 12.08.2026 | 24.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव रोड से हुकुमचंद के मकान से त्रिवेणी तालाब गांव भोकरका तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव सिवाडी, फरूखनगर में राकेश के मकान से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 45.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव डाबोदा, फरूखनगर में गांव से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 42.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मेहचाना, फरूखनगर, गुरूग्राम में माइनर से पचबीर वाला तालब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 12.08.2026 | 33.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव मोजाबाद, पटौदी, गुरूग्राम में माइनर से तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 10.07.2026 12.08.2026 | 23.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव पहाड़ी, पटौदी में पंकपीरा वाला तालाब का पुनरोद्धार और पिचिंग, तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 57.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव इंछापुरी, पटौदी में रेलवे स्टेशन के निकट तालाब का पुनरोद्धार और तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 33.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव इंचापुरी, पटौदी में राजकीय विद्यालय के निकट तालाब के तटबंध की सुरक्षा। | 15.07.2026 10.08.2026 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव जोनियावास, फरूखनगर में सत्ते के मकान से पंचायत भूमि तालाब तक वाटर कनवेयंस सिस्टम। | 13.07.2026 10.08.2026 | 34.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण, गुरुग्राम | गांव गुगाना, फरूखनगर में रमन बाबा तालाब का पुनरोद्धार और पिचिंग, तटबंध की सुरक्षा। | 13.07.2026 12.08.2026 | 60.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416303542 ascogurgaon@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में टो वॉल्स और आईपीबी सहित गलियों की पेवमेंट, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 20.07.2026 06.08.2026 | 33.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी – गांव मिल्क, ब्लॉक नारायणगढ़ में भगवान परशुराम सेवा दल में हॉल का निर्माण। | 28.07.2026 03.08.2026 | 10.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (पीएमएमए इंट्राऑक्युलर लैंस (6 एमएम) 19.50, 20.50, 21.50, 22, 22.50, ब्लेड 2.8, इंज. माइटोमाइसिन 20 एमजी इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 03.08.2026 10.08.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (टैब. लैक्टिक एसिड बेसिल्लस 1.2 बिलियन स्पोर्स, टैब. नेफेडेपिन 10 एमजी, टैब. कैबरगोलिन 0.5 एमजी, आर्गिनाइन सैशे 5 जीएम इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 04.08.2026 11.08.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 21 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में हीटिंग, वेंटीलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) सेवाओं हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के साथ-साथ विशेष मरम्मत (जैसा है जहां है)। | 29.07.2026 17.08.2026 | ईएमडी 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 22 | राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, सेक्टर-14, पंचकूला | राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, सेक्टर-14, पंचकूला, हरियाणा-134109 में कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 14.08.2026 | ईएमडी 5000 | http://gcw14pkl.ac.in/ | 9878102333 gcgpanchkula@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2027/440/47710/I/88/7 दि. 30.07.26

### एमसीडी और ऑयल इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ समझौता

# ‘तेहखंड और ओखला में लगेंगे 800 टीपीडी क्षमता के बायो-गैस प्लांट’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ।

इस मौके पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, निगम आयुक्त संजीव खिरवार व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, इस समझौता ज्ञापन के तहत तेहखंड और ओखला में प्रतिदिन 800 टन (टीपीडी) क्षमता वाले आधुनिक 'कम्प्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्लांट' स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस पहल को दिल्ली के सतत विकास और स्वच्छ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि सरकार राजधानी को कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति दिलाने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना 'वेस्ट टू वेल्थ' की सोच को व्यवहारिक रूप देने के साथ-साथ आने वाले वर्षों में दिल्ली के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगी।

#### कचरे का वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा निस्तारण

दिल्ली सरकार का कहना है कि यह परियोजना 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को जमीन पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। इन संयंत्रों में शहर से निकलने वाले जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा और उससे स्वच्छ ईंधन के रूप में कम्प्रेस्ड बायो-गैस तैयार होगी। इससे न केवल कचरे का बोझ कम होगा, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार के अनुसार, यह परियोजना राजधानी को कचरा मुक्त और प्रदूषण रहित बनाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान को नई गति देगी। विशेष रूप से भलस्वा, गाजीपुर और ओखला जैसे कचरे के पहाड़ों को कम करने के प्रयासों को इससे मजबूती मिलेगी।

#### पर्यावरण संरक्षण होगा मजबूत

मुख्यमंत्री का कहना है कि लैंडफिल स्थलों पर कचरे की मात्रा घटने से पर्यावरण संरक्षण, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी और नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि आधुनिक तकनीक आधारित यह पहल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाएगी और कचरे को समस्या के बजाय संसाधन में बदलने की दिशा में एक नया मॉडल प्रस्तुत करेगी। इससे स्वच्छ दिल्ली, हरित दिल्ली और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी बल मिलेगा।

### सरकार लाएगी ‘दिल्ली लैंड रिकॉर्ड बिल- 2026’

## दिल्ली में संपत्तियों का बनेगा ‘प्रॉपर्टी आधार कार्ड’: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार राजधानी में भूमि एवं संपत्ति प्रबंधन व्यवस्था को पूरी तरह आधुनिक, पारदर्शी और विवाद-मुक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। इसी उद्देश्य से सरकार शीघ्र ही ‘दिल्ली लैंड रिकॉर्ड बिल, 2026’ लाने जा रही है। इस कानून के लागू होने के बाद पूरी दिल्ली की प्रत्येक संपत्ति का वैज्ञानिक सर्वे कर उसका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

इसके बाद प्रत्येक संपत्ति के लिए एक विशिष्ट ‘प्रॉपर्टी आधार कार्ड’ बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार आधार कार्ड ने प्रत्येक नागरिक की पहचान को एक विश्वसनीय स्वरूप प्रदान किया है, उसी प्रकार अब दिल्ली की प्रत्येक संपत्ति की भी एक प्रमाणिक और सुरक्षित डिजिटल पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इससे राजधानी में संपत्तियों के रिकॉर्ड पारदर्शी, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनेंगे। इस विधेयक को लेकर सरकार अलग से विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाएगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि ‘स्वामित्व’ प्रॉपर्टी कार्ड पूरी तरह अत्याधुनिक डिजिटल प्रणाली पर आधारित है। इसके लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग की तकनीकी विशेषज्ञता और ड्रोन सर्वेक्षण का उपयोग किया गया है। इसी तकनीक को अब पूरे दिल्ली में लागू कर प्रत्येक संपत्ति का ‘प्रॉपर्टी आधार कार्ड’ तैयार किया जाएगा, जिससे राजधानी में भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन का एक नया और आधुनिक अध्याय प्रारंभ होगा। वहीं, ‘दिल्ली लैंड रिकॉर्ड बिल, 2026’ मंत्रियों के समूह की विस्तृत समीक्षा के बाद स्वीकृति की प्रक्रिया में है। इस कानून के माध्यम से दिल्ली में प्रत्येक संपत्ति की को यूनिक प्रॉपर्टी आईडी के रूप में चिह्नित किया जाएगा।

## आज तीन हजार छात्राओं को ‘विद्या वाहिनी’ साइकिलें प्रदान करेंगी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ईस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित भव्य कार्यक्रम
- चरणबद्ध तरीके से कुल एक लाख 40 हजार छात्राओं को मिलेंगी साइकिलें

दिल्ली सरकार छात्राओं की शिक्षा को और अधिक सुलभ, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज, 31 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को ईस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और कक्षा 9 की छात्राओं को ‘विद्या वाहिनी’ नाम से साइकिलों का वितरण करेंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रथम चरण में 3,000 छात्राओं को ‘विद्या वाहिनी’ साइकिलें प्रदान करेंगी। इसके बाद अगले एक माह के भीतर दिल्ली की कुल 1 लाख 40 हजार छात्राओं को चरणबद्ध तरीके से साइकिलें वितरित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंच को अधिक सुगम बनाना, उनकी नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य की कोई भी बेटी केवल दूरी, संसाधनों की कमी या परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। ‘विद्या वाहिनी’ केवल एक साइकिल नहीं, बल्कि दिल्ली की बेटियों के सपनों, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की सवारी है। सरकार चाहती है कि दिल्ली की हर बेटी निर्भय होकर विद्यालय पहुंचे, बेहतर शिक्षा प्राप्त करे और अपने जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को हासिल करे।

## राजा गार्डन आरटीओ में हजार से अधिक मामले लंबित, परिवहन मंत्री ने 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने गुरुवार को राजा गार्डन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) का औचक निरीक्षण कर लंबित मामलों और नागरिक सेवाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि आरटीओ में 1000 से अधिक आवेदन विभिन्न स्तरों पर निस्तारण की प्रतीक्षा में लंबित हैं। इस पर गंभीर चिंता जताते हुए मंत्री ने अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर लंबित मामलों के निस्तारण की विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मामलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी नहीं आती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार नागरिक सेवाओं को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

#### आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए

निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री ने आम नागरिकों से मिलने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट विभाग की अधिकांश सेवाएं पहले से ही ऑनलाइन उपलब्ध हैं, इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदकों को कार्यालय केवल उन्हीं मामलों में बुलाया जाए, जहां मूल दस्तावेजों के सत्यापन या आवेदक की व्यक्तिगत उपस्थिति वास्तव में आवश्यक हो।

#### लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण किया जाए

मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने अधिकारियों से सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को समयबद्ध, सुगम और बिना किसी परेशानी के परिवहन संबंधी सेवाएं मिलें। निरीक्षण के दौरान मंत्री सिंह ने कहा कि परिवहन से जुड़ी सेवाओं में देरी और लंबित मामलों को लेकर नागरिकों से लगातार मिल रही फीडबैक के आधार पर यह औचक निरीक्षण किया। राजा गार्डन दिल्ली के प्रमुख आरटीओ में से एक है। यहां आने वाले प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं मिलनी चाहिए।

### सख्त शर्तों से दिल्ली की लाखों महिलाएं लक्ष्मी योजना से हो जाएंगी बाहर : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये आर्थिक मदद देने की घोषणा के बावजूद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली लक्ष्मी योजना को सख्त शर्तों के साथ लागू करने का आदेश लाखों महिलाओं के साथ धोखा है। यह बात गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली लक्ष्मी योजना को सख्त शर्तों के साथ लागू करने का आदेश करने में भी डेढ़ वर्ष लगा दिया, जिसके व्यवहारिक रुप से लागू होने में भी अनिश्चितताएं दिख रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में महिलाओं की जनसंख्या 1 करोड़ 6 लाख है, जबकि रेखा सरकार द्वारा सिर्फ 17 लाख महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने की बात करना दिल्ली की महिलाओं से वोट लेकर उनको धोखा देना है। यादव ने कहा कि दिल्ली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों के लिए शर्तें लागू करना साफ दर्शाता है कि भाजपा दिल्ली की लाखों महिलाओं के साथ विश्वासघात करना है। 2500 रुपये मासिक मिलने की पात्रता के लिए 10 वर्षों का स्थाई निवास प्रमाण और 3 बच्चों से अधिक वाली महिलाओं को लक्ष्मी योजना से दूर रखने की शर्त सीधे तौर पर आधी आबादी को दूर रखना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में महिलाओं की संख्या 1 करोड़ 6 लाख है और 2016 में 87 लाख 57 हजार थी, जिसमें 18 लाख 80 हजार का अंतर है जिनमें लगभग सभी लक्ष्मी योजना की पात्र हो सकती है। और यही स्थिति 3 बच्चों से अधिक वाली महिला नेताओं की है, जिनकी संख्या दिल्ली की कुल महिलाओं में से 8.5 प्रतिशत है।

### ई-20 पेट्रोल पर निगम सदन की बैठक चढ़ी हंगामें की भेंट

## महापौर ने लगाए मुख्य एजेंडे पर चर्चा से भागने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की सदन की बैठक ई-20 पेट्रोल पर हंगामें की भेंट चढ़ गई, जिससे मानसून के दौरान होने वाली जल जनित से होने वाली गंभीर बीमारियों पर चर्चा तक नहीं हो सकी। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग की अगुवाई में हुए हंगामे के चलते महापौर प्रवेश वाही ने पहले सदन की कार्यवाही को कुछ देर के स्थगित किया। लेकिन दोबारा कार्यवाही शुरू होते है आप पार्षदों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। पार्षद मेज पर चढ़ गए और केंद्र सरकार व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कई पार्षदों ने सदन में एजेंडे की कॉपियों को फाड़ के उड़ा दिया।

महापौर ने हंगामे के बीच ही एजेंडे में शामिल अधिकांश प्रस्तावों का पास किया और अगली बैठक तक सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। हंगामे पर महापौर वाही ने आरोप लगाया है कि जनहित से जुड़े जल जनित बीमारियों जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा करने के बजाए आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा करते हुए भागना बेहतर समझा। उन्होंने कहा कि हम आज मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा करने वाले थे, लेकिन आप पार्षदों ने हंगामा कर चर्चा को बाधित कर दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बार-बार ऐसे मुद्दों को लेकर सदन में व्यवधान उत्पन्न करती है जिनका दिल्ली नगर निगम के कार्यक्षेत्र से कोई संबंध ही नहीं होता। जबकि नागरिकों से जुड़े वास्तविक व गंभीर विषयों पर चर्चा से आप पार्टी बार बार बचती और भागती रही है। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य सभा की बैठक में जनकपुरी क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े दो कूड़े के ढलावों को हटाने तथा छोटी सब्जी मंडी, जनकपुरी में उपयोग में नहीं आ रहे एक सार्वजनिक शौचालय को हटाने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। इन निर्णयों से स्थानीय नागरिकों को अनावश्यक असुविधा से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित होगी। वहीं दूसरी तरफ निगम में कांग्रेस की लीडर नाजिया दानिश ने सत्ता पक्ष भाजपा व मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए है। नाजिया ने कहा कि बारिश के चलते दिल्ली डूब रही है। जगह जगह पानी ठहरने से जल जनित बीमारियां बढ़ रही है। बावजूद सदन की बैठक में आप पार्टी के पार्षदों ने ई-20 पेट्रोल जैसे मुद्दे पर हंगामा किया जबकि इससे निगम का कोई लेना देना तक नहीं है। नाजिया ने कहा कि सत्ता पक्ष को चाहिए कि जल जनित बीमारियों व जलभराव जैसे गंभीर मुद्दे पर गंभीरता से सदन की कार्यवाही चलाते। नाजिया ने कहा कि हम सदन में जनता की आवाज उठाते, जगह जगह जलभराव से लोग परेशान है, निगम अस्पतालों में दवाइयों की भारी कमी है। लेकिन आप व भाजपा की जनहित की अनदेखी की नीति के चलते सदन स्थगित कर दिया गया जोकि सही नहीं है।

### प्रवेश वाही ने कहा, कांवड़ यात्रा मार्ग में मीट की दुकानें की जाए बंद

नई दिल्ली। सावन माह में होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरुवार को निगमायुक्त संजीव खिरवार को आदेश दिए है कि यात्रा मार्ग में कच्चे पक्के मीट की दुकानें बंद की जाए। महापौर वाही ने कहा कि हम उम्मीद करते है कि कावड़ यात्रा मार्ग को पवित्र रखने के लिए सनातन धर्म की भावना का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले पर निगमायुक्त को आदेश दिए गए है कि दिल्ली के सभी कावड़ यात्रा मार्ग पर कच्चे पक्के मीट की दुकानों का बंद किया जाए। महापौर ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग में सैंकड़ों कच्चे पक्के मीट की अवैध दुकानें रेहड़ी पटरी आदि पर लगी देखी जा सकती है। जबकि सावन जैसे पवित्र माह में कावड़ यात्रियों की यात्रा के दौरान इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती है। इसलिए मीट की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए गए है।

### अनुबंध कर्मियों को निकालने की नहीं है कोई योजना: प्रो. योगेश

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में अनुबंध आधार पर लगे गैर शिक्षण कर्मियों को निकालने की कोई भी योजना विचाराधीन नहीं है। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने गुरूवार को डीयू कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में चर्चा के दौरान यह बात कही। डीयू ईसी की 1283वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में ज़ीरो आवर के दौरान ईसी सदस्यों ने अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा की। इसके साथ ही कुलपति प्रो. योगेश सिंह को डीयू कुलपति के रूप में पुनः नियुक्ति पर बधाई भी दी गई। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय को दुनिया के सर्वोच्च 200 विश्वविद्यालयों में शामिल करना है।

### उच्च न्यायालय ने गड्ढे में गिरकर जान गंवाने वाले बच्चे के माता-पिता को 16 लाख से अधिक मुआवजा देने का दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2014 में सीवर के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने के कारण जान गंवाने वाले 10 वर्षीय बच्चे के परिवार को 16 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड को बच्चे की मां और पिता को 16.92 लाख रुपये और नौ प्रतिशत प्रतिवर्ष के हिसाब से ब्याज देने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से लापरवाही बरती। घटना के समय भागीरथी विहार नहर के पास दिल्ली जल बोर्ड के निर्देश पर सीवर से जुड़ा काम किया जा रहा था। इस दौरान याचिकाकर्ताओं के नाबालिग बेटे की गंदे पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। अदालत ने 27 जुलाई के अपने फैसले में कहा कि प्रतिवादी ऐसे कदम उठाने में विफल रहे, जिनसे दुर्घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने स्पष्ट रूप से लापरवाही बरती। लिहाजा दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड को निर्देश दिया जाता है कि वे 16,92,511 रुपये की राशि का भुगतान करें। इसके साथ याचिका दायर करने की तारीख से लेकर राशि का भुगतान होने की तिथि तक नौ प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भी भुगतान किया जाए।

### पंजाब के शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

# आप मुख्यालय पर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- केंद्र और पंजाब में अलग-अलग रुख अपनाने का लगाया आरोप

पंजाब में कथित पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली भाजपा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में भाजपा, सांसदों, प्रदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंजाब के शिक्षा मंत्री सरदार हरजोत सिंह बैंस को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी भी दी। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार और जवाबदेही के मुद्दे पर दोहरी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में किसी भी आरोप पर इस्तीफे की मांग करने वाली आम आदमी पार्टी, पंजाब में अपने शिक्षा मंत्री को संरक्षण दे रही है। यही उसका दोहरा चरित्र है। भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन में आरोप लगाया कि पंजाब में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के दावों के बावजूद कई बार पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मल्होत्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब को शिक्षा क्रांति के नाम पर पेपर लीक क्रांति बना दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार नैतिकता की बात करती है तो उसे शिक्षा मंत्री को तत्काल पद से हटाना चाहिए और निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। प्रदर्शन में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चाँदोलिया, कमलजीत सहरावत, बाँसुरी स्वराज एवं स्वाति मालीवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, योगिता सिंह एवं मोहनलाल गिहारा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने पंजाब के शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग दोहराते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। भाजपा नेताओं ने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को तत्काल पद से हटाना चाहिए।

## ‘एनएच-48 पर वर्षा जल निकासी के लिए नाला बनाने की संभावना तलाशे सरकार’

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों से कहा है कि वे महिपालपुर और रंगपुरी गांव के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के उस हिस्से पर अत्यधिक बारिश के बाद पानी की निकासी के लिए नाला बनाने की संभावना की जांच करें, ताकि वहां वर्षा जल जमा नहीं हो। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि यह राजमार्ग गुरुग्राम की ओर जाता है और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा के पास है। अदालत ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव के तहत विशेष कार्य बल को निर्देश दिया कि वे इस मुद्दे पर विशेष रूप से एक बैठक करें और सभी संबंधित पक्षों से बातचीत के बाद रिपोर्ट दाखिल करें। संबंधित पक्षों में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) शामिल हैं। पीठ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर कार्य बल 'जीएमआर ग्रुप' से भी बात करेगा, जो दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाले संघ (कंसोर्टियम) का हिस्सा है। अदालत, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोशल जूरिस्ट' की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

इस याचिका में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर महिपालपुर और रंगपुरी गांव के बीच के हिस्से में बारिश के पानी की निकासी के लिए एक सही जल निकासी प्रणाली बनाने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता ने अदालत को तस्वीरें दिखाकर बताया कि कैसे बारिश के मौसम में भारी जलभराव के कारण महिपालपुर चौराहा समेत पूरा इलाका पानी में डूब जाता है।

**खबर संक्षेप**


## अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी सीकरी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विष्णु, निवासी गांव भिडोसा, जिला मुरैना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी प्रकार पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमन कुमार निवासी शिव एन्क्लेव पार्ट-2, इस्लामपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया। शराब को कब्जे में लेकर आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## झूठे केस में फंसाने की धमकी, मामला दर्ज

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9ए थाना एरिया में महिला द्वारा एक व्यक्ति को मेडिकल खर्च के नाम पर एक लाख रुपए नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी



शिकायत में लक्ष्मण विहार फेज-2 निवासी नवीन कुमार ने बताया कि 11 जुलाई को वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से आर्टेमिस अस्पताल जा रहे थे। उनके पिता अस्पताल में भर्ती थे। दौलताबाद फ्लाईओवर के समीप वन-वे रोड पर सामने से गलत दिशा में तेज गति से आ रही स्कूटी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।` स्वयं एंबुलेंस और पुलिस को सूचना देकर घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। कुछ दिनों बाद परमजीत की पत्नी ने कथित रूप से फोन कर मेडिकल खर्च के लिए एक लाख रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

## हरियाणा पुलिस की शगुन योजना बनी पुलिस परिवारों का सहारा

# बेटी के विवाह पर पुलिस कर्मचारी को 2.50 लाख की आर्थिक सहायता

## योजना का उद्देश्य विवाह संबंधी आर्थिक बोझ को कम करना

**पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक ने फरीदाबाद पुलिस के कर्मचारी को शगुन योजना के तहत 2.50 लाख का चेक प्रदान किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस अपने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के मार्गदर्शन में संचालित शगुन योजना पुलिस कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल के रूप में प्रभावी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से पुलिस कर्मचारियों की बेटियों के विवाह पर आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 जुलाई 2026 को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती हिमाद्री कौशिक ने फरीदाबाद पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह को उनकी पुत्री के विवाह के अवसर पर शगुन योजना के अंतर्गत ढाई लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर लाभार्थी कर्मचारी ने हरियाणा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए अत्यंत उपयोगी और संबल प्रदान करने वाली है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस की शगुन योजना के तहत विभाग के पात्र कर्मचारियों को उनकी प्रत्येक पात्र पुत्री के विवाह पर ढाई लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सुविधा अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह तक उपलब्ध है।

योजना का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों पर विवाह संबंधी आर्थिक बोझ को कम करना तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक ने कहा कि हरियाणा पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है।

## 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया पौधारोपण आमजन से वृक्षारोपण अभियान से जुड़ने का किया आह्वान

*आईएमटी क्षेत्र में 20 हजार पौधों का और सेक्टर-46 तथा गुरुग्राम नहर किनारे 10-10 हजार पौधों को होगा रोपण , 40 हजार पौधों के रोपण अभियान का शुभारंभ किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के हरित हरियाणा.स्वच्छ हरियाणा संकल्प को साकार करने की दिशा में गुरुवार को फरीदाबाद के आईएमटी बल्लभगढ़ में जिला प्रशासन तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधारोपण किया तथा प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

इस अवसर पर विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, जिला परिषद चेयरमैन विजय सिंह, भाजपा बल्लभगढ़ जिला अध्यक्ष सोहन पाल छोकर, भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामजपाल, उपायुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया, जिला वन अधिकारी झलकार उइके, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, रेंज फारेस्ट ऑफिसर रमण कुमार, ब्लाक फारेस्ट ऑफिसर बल्लभगढ़ हेमराज सिंह, बीट इंचार्ज बल्लभगढ़ शशि भानु, ब्लाक फारेस्ट ऑफिसर बल्लभगढ़ राजेश सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।





पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का सामना कर रही हैए जिसके कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और मानव जीवन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम चक्र से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है। यदि हमें स्वयं, अपने परिवार और आने वाली पीढ़यों को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखना है तो प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधे लगाने और उनका संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा कम से कम दो वर्षों तक उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने जल संरक्षण पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि जल का सदुपयोग और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को जनभागीदारी का अभियान बनाकर ही स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ फरीदाबाद का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

### पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा

कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय वन महोत्सव के अंतर्गत जिला में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सेक्टर-46 में 10 हजार तथा गुरुग्राम नहर के किनारे 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। साथ ही आईएमटी में 2 विभिन्न स्थलों 10-10 हजार पौधे लगाये जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य जिले में हरित क्षेत्र का विस्तार करना पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा जनभागीदारी के माध्यम से हरियाली को सुदृढ़ करना है।

### विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया

वन महोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 9वीं से 12वीं तक आयोजित क्विज प्रतियोगिता में वंशु ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय तथा इशिता हरसाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6वीं से 8वीं तक आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम, एंजेल ने द्वितीय तथा अवनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य सुशिल नागर सहित सभी विजेता विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सर्व कर्मचारी संघ ने उपायुक्त कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

# कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने उपायुक्त के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, सरकारी विभागों में निजीकरण पर रोक लगाने तथा खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती करने की मांग को लेकर विशाल रैली एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, यूनियन पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह ने की तथा मंच का संचालन संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। रैली में मुख्य रूप से हरियाणा टूरिज्म विभाग के महासचिव सुभाष देशवाल, बिजली विभाग के उपाध्यक्ष शब्बीर खान, फरीदाबाद बिजली विभाग के सर्कल सचिव कृष्ण कुमार दिगंबर डागर, रोडवेज विभाग के नेता जयपाल राठी आदि उपस्थित रहे। रैली के बाद जोरदार प्रदर्शन करते हुए आयुक्त के प्रतिनिधि एसडीएम फरीदाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। रैली को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार लगातार सरकारी विभागों में स्थायी नौकरियों को समाप्त कर ठेका प्रथा और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर कुमार पांडे पुत्र सुरेंद्र कुमार पांडे निवासी म. नं. 1029/8, गली नं. 8, गोविंदपुरी, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 945/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दक्षिण–पूर्व, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर कुमार पांडे** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर कुमार पांडे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 945/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दक्षिण–पूर्व, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर कुमार पांडे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**आकांक्षा गौतम**
एलडी महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं. 513
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/10487/SE/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिंकू उर्फ नौशाद निवासी म. नं. 238, गली नं. 09, भागीरथी विहार, मुस्तफाबाद गोकलपुरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 24276/2015, अंतर्गत धारा 379/ 411/34 आईपीसी, थाना हरी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिंकू उर्फ नौशाद** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिंकू उर्फ नौशाद** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 24276/2015, अंतर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना हरी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रिंकू उर्फ नौशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**मोक्षा बैंस**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
पश्चिम, कमरा नं. 31
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/10455/WD/2026**
**(Court Matter)**

## पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी

# भाई से रंजिश के चलते युवक पर गोली चलाने के मामले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरुग्राम

सेक्टर-9 थाना क्षेत्र के लक्ष्मण विहार में एक युवक पर जानलेवा हमला कर गोली चलाने के मामले में पालम विहार क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 6 मई 2026 की है। लक्ष्मण विहार में गोली चलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां से एक देसी कट्टा, एक खाली कारतूस तथा पास के एक प्लॉट से बैग में रखे दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। इसी दौरान अस्पताल जाकर पुलिस ने घायल व्यक्ति के बयान दर्ज किए। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने घर के पास गाड़ी से सामान उतार रहा था, तभी मास्क पहने एक व्यक्ति ने उस पर गोली चला दी। गोली के छर्रे उसके चेहरे और आंख में लगे, जिसके बाद आरोपी हथियार फेंककर मौके से फरार हो गया।

जांच के दौरान पुलिस ने 8 मई को इस मामले के मुख्य आरोपी विवेक (49) निवासी बरेली को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि विवेक और शिकायतकर्ता के भाई गौरव ने बरेली में एक होटल खोला था। कारोबार में नुकसान के चलते विवेक आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, जबकि गौरव को शिकायतकर्ता की आर्थिक मदद मिलने से वह बेहतर स्थिति में था। इसी रंजिश में विवेक ने शिकायतकर्ता को निशाना बनाया। पुलिस ने इस केस में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पालम विहार क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गुरुग्राम से दबोचा है।

### करोड़ों के प्लॉट पर कब्जा कर खाली कराने के बदले 30 लाख मांगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-12ए स्थित एक रिहायशी प्लॉट पर अवैध कब्जा कर उसे खाली कराने के बदले 30 लाख रुपए की मांग और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुमिता ने बताया कि वह सेक्टर-12ए, गुरुग्राम स्थित प्लॉट नंबर-493 की वैध मालिक हैं। यह प्लॉट उनके नाम विधिवत रजिस्ट्री और एचएसवीपी के दस्तावेजों के आधार पर दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजबीर नामक व्यक्ति ने प्लॉट पर अवैध कब्जा कर रखा है और उसे खाली करने से इनकार कर रहा है।

## बकाया संपत्ति कर नहीं चुकाने पर नगर निगम ने आठ बड़े डिफॉल्टरों को भेजे नोटिस

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए सख्त रुख अपनाते हुए आठ बड़े डिफॉल्टरों को प्रथम नोटिस जारी किए हैं। निर्धारित समय सीमा तक कर जमा नहीं करने पर संबंधित संपत्तियों को अटैच, सील करने और सार्वजनिक नीलामी के जरिए बकाया राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के अनुसार, हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत जारी नोटिसों में संपत्ति मालिकों को 31 अगस्त 2026 तक संपूर्ण बकाया संपत्ति कर जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। जोन-8 क्षेत्र के जोनल टैक्सेशन ऑफिसर पंकज कुमार, कृष्ण, दीपक और कमल की टीम ने यह कार्रवाई की है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि संबंधित संपत्ति किसी न्यायालयीन विवाद या स्थगन आदेश (स्टे) के अधीन है, तो उसकी जानकारी तत्काल नगर निगम को उपलब्ध करानी होगी। निगम ने संपत्ति मालिकों को बकाया कर जमा करने का अंतिम अवसर देते हुए चेतावनी दी है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संपित्तकर वसूली अभियान का उद्देश्य कर संग्रहण बढ़ाकर शहर में सड़क सीवरेज, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को गति देना है।

## सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल, केस दर्ज

**गुरुग्राम।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक स्टंटबाजी के वीडियो के आधार पर सेक्टर-9ए थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप है।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

**खुली ई–निविदा सूचना सं. आर डब्लु पी/ भंडार/वर्क्स/एडीमीटी/2026–27/3, दिनांकः 28.07.2026, निविदा खुलने की तिथिः 17.08.2026, Tender No. S_RWP_ WH_DIS_25-26_02, Due on 17.08.2026.** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला **भारत के राष्ट्रपति** के लिए एवं उनकी ओर से रेल व्हील प्लांट से तैयार रेलवे व्हील के परिवहन हेतु ऑनलाइन ई–खुली निविदा भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई. पी.एस.) **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। 1. कार्य का नाम, स्थान एवं मात्रा एवं समापन की अवधिः रेल व्हील प्लांट (गाँवः बेला, पोस्ट ऑफिसः अरविंद नगर, जिलाः सारण, बिहार) से भारतीय रेलवे की विभिन्न इकाइयों तक तैयार रेलवे पहियों का परिवहन, 501–1000 KM के दूरी स्लैब के तहत (औसत दूरी 750 KM मानते हुए)। (कृपया अपलोड किया गया टैंडर डॉक्यूमेंट देखें)। समापन अवधिः एल. ओ.ए. के निर्गत तिथि से 12 माह। 2. अनुमानित लागतः रू 16028160/- 3. बयाना (ई एम डी) की राशिः रू 320600/- 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 17.08.2026 को 14:00 बजे तक। 5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण विवरणी देखी जा सकती हैः निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आई.आर.ई.पी.एस. के आधिकारिक वेबसाईट अर्थात **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के सम्बन्ध में शुद्धिपत्र सहित अदयतंन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर. ई.पी.एस पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2026–27/53

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम मानेसर | एम.सी. मानसेर के तहत वार्ड 12 के विभिन्न स्थानों पर 06 अदद आरसीसी जल संग्रण टैंकों का निर्माण + 4 कार्य। | 29.07.2026 05.08.2026 | 1,00,21,514/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 eedl5-manesar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47688/I/88/7 दि. 30.07.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी कॉलोनी, खेदड़, हिसार में प्रचालन एवं प्रीवेंटिव / रूटीन / ब्रेक डाउन विद्युत वितरण प्रणाली के रखरखाव हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 29.07.2026 01.09.2026 | 74,66,856/- | https://etenders.hry.nic.in | 8222023574 xensyd.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47691/I/88/7 दि. 30.07.26

## फरीदाबाद के तीन अन्य मामलों का भी खुलासा

# बच्चे को झांसे में लेकर घर से सोने के आभूषण ठगने वाला गिरफ्तार, अपराध शाखा सेक्टर-85 की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

सेक्टर-19 में एक मासूम बच्चे को झांसा देकर घर से सोने के आभूषण ठगने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिव कुमार उर्फ लखविंदर उर्फ शिव, निवासी हरि करतार कॉलोनी लुधियाना पंजाब के रूप में हुई है। जिसको 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर अपराध शाखा की टीम आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-19 निवासी अर्जुन सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-15 स्थित एक निजी संस्थान में काम करता है और उनकी पत्नी



भी एक निजी कंपनी में कार्य करती हैं। 4 जुलाई को घटना के समय उसके दोनों बच्चे घर पर अकेले थे। दोपहर करीब 2.30 बजे अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचा और बड़े बेटे से कहा कि उसकी मां को पुलिस ने पकड़ लिया है तथा पुलिस घर आने वाली है। उसने यह भी कहा कि उसके पिता ने उसे घर में रखे सभी सोने-चांदी के आभूषण लेने के लिए भेजा है। बच्चा उसकी बातों में आ गया, जिसके बाद आरोपित बच्चे से घर में रखे आभूषणों को लेकर फरार हो गया। शिकायत पर थाना ओल्ड फरीदाबाद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह वारदात से पहले संबंधित क्षेत्र में घूमकर रेकी करता था और यह पता लगाता था कि घर में कौन-कौन रहता है, परिवार के सदस्य क्या कार्य करते हैं तथा किस समय घर खाली रहता है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक के विभिन्न कार्यालयों में रखे हुए कम्प्यूटर्स, प्रिंटर्स और अन्य उपकरण की मदों से सम्बन्धित खरीद और रखरखाव, मरम्मत के लिए दर अनुबंध के सम्बन्ध में। | 29.07.2026 05.08.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से शिवालिक प्रोपर्टीज निकट ताऊ नगर, गली नं. 18 तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण + 1 कार्य। | 29.07.2026 10.08.2026 | 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार–क्षेत्र के लिए 04 सीटर 06 सीटर 10 सीटर के चलायमान शौचालय की खरीद के लिए आकलन। | 29.07.2026 05.08.2026 | 31.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 5, एम.सी. रोहतक में कबीर पार्क में कमरे और लाइब्रेरी चेयर तथा रैक और विविध सिविल कार्य शौचालय का निर्माण। | 29.07.2026 05.08.2026 | 11.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/80/47687/I/88/7 दि. 30.07.26

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने परिवार को बंधक बना 12 लाख लूटे



रनियां। रनियां थाना क्षेत्र के पामा रोड पर एक घर में बुधवार देर रात मेंनगेट से घर में घुसे बदमाशों ने परिवार के चार लोगों को बंधक बनाकर जबरन गेट का ताला खुलवाकर नगदी और जेवरात समेत लगभग 12 लाख रुपए का सामान लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने पूरे परिवार के साथ मारपीट की। एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

**सावन का पूरा महीना शिव भक्ति के लिए समर्पित रहेगा**

# अयोध्या में सावन मेले की शुरुआतः श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में सावन के पवित्र महीने की शुरुआत गुरुवार से हो गई है। रामनगरी के प्रमुख शिवालयों में भगवान शिव की आराधना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। प्रशासन ने इस दौरान आने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने और भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।



रामनगरी में लगा श्रद्धालुओं का तांता

### शिवालयों में विशेष प्रबंध

सरयू तट पर स्थित नागेश्वरनाथ महादेव मंदिर और राम पथ पर स्थित क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है। इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त बैरिकेडिंग की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और भीड़ के प्रबंधन के लिए प्रवेश व निकास के अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। सावन का पूरा महीना शिव भक्ति के लिए समर्पित रहेगा।

### कांवड़ियों का आगमन और सुरक्षा व्यवस्था

सावन माह के साथ ही कांवड़ यात्रा का भी शुभारंभ हो गया है। नागेश्वरनाथ मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, सावन भर लाखों श्रद्धालु पौराणिक शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। विशेष रूप से सावन कृष्ण त्रयोदशी के आसपास कांवड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राम की पैड़ी और मणि पर्वत झूला मेले के क्षेत्रों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः सुरक्षा

डीआईजी सोमेन वर्मा ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आपदा प्रबंधन और नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय कर दिया गया है

## पेज एक का शेष

### ध्यान रखें ...

प्राथमिकता भारत के नागरिकों और विदेशों में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा है। उन्होंने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि आवश्यकता पड़ने पर भारतीय नागरिकों की सहायता और निकासी जैसी सभी तैयारियां पूरी रखी जाएं। बैठक में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को दीर्घकालिक समाधान बताते हुए प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को तेज करने पर जोर दिया। उनका कहना था कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम कर भारत भविष्य में ऐसे वैश्विक संकटों के प्रभाव को सीमित कर सकता है। साथ ही नेशनल गैस ग्रिड, एलएनजी आयात क्षमता, सिटी गैस वितरण नेटवर्क और पाइपलाइन अवसंरचना के विस्तार की प्रगति की भी समीक्षा की गई। यह पश्चिम एशिया संकट पर प्रधानमंत्री मोदी की चौथी विशेष सीसीएस बैठक थी। इससे पहले भी सरकार लगातार उच्चस्तरीय समीक्षा कर रही है, जिससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार इस भू-राजनीतिक संकट के भारत की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### छात्रों के भविष्य ...

ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पिछले दो दिनों के दौरान संसद के दोनों सदनों में बड़ी संख्या में सांसदों ने इस पर अपने विचार रखे और अंततः कड़े प्रावधानों वाले इस विधेयक को अपनी स्वीकृति दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून बनना इस दिशा में पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन सरकार का काम यहीं खत्म नहीं होता। आने वाले समय में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से आधुनिक, फुलप्रूफ और तकनीक-आधारित बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

**'विकसित भारत' के निर्माण में जुड़ने की अपीलः** संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि भारत अब ऐसी किसी भी परिस्थिति को लंबे समय तक सहन नहीं कर सकता जो देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेले। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की शिक्षा व्यवस्था का मजबूत और भरोसेमंद होना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी नागरिकों, संस्थाओं और सरकारों को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा ताकि देश के हर मेधावी छात्र को उसका जायज हक मिल सके।

### लोकसभा में विपक्ष...

पर सम्मान दिए जाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा वंदे मातरम को विभाजित करने (इसके सिर्फ दो छंदों को अधिकृत रूप से गाने की मंजूरी दी गई) की वजह से तुष्टीकरण की शुरुआत हुई और फिर देश का विभाजन हुआ था। लोकसभा में अपने हंगामे में विपक्षियों ने मुख्य रूप से अमित शाह जवाब दो-जवाब दो, चंदा चोर-गद्दी छोड़, चढ़ावा चोर-गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए गए।

### गांधी परिवार की ...

को कानूनी संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके साथ ही स्कूलों, संस्थाओं में भारत के लोग राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान दिखा सकेंगे। हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों पर तंज कसते हुए पात्रा ने कहा, जो लोग राष्ट्र को नहीं समझ रहे हैं। वो ही यहां पर हंगामा कर रहे हैं। वंदे मातरम को लेकर 1950 में डॉ.प्रसाद ने संविधान सभा में प्रस्ताव रखा था। आज 76 साल बीत चुके हैं। लेकिन यह गांधी परिवार की ही सरकारें थीं। जिन्होंने हमेशा परिवार को सबसे ऊपर रखा और राष्ट्रगीत को भूल गए।

### सरकार बोली...

अनियमितताओं और संस्थागत विफलताओं के बाद ही यह कदम उठाया। डीएमके संसदीय दल के नेता तिरुचि शिवा ने नीट परीक्षा को समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि केवल कानून बदलने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं आएगा। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने भी कहा कि केवल सजा बढ़ाने से अपराध नहीं रुकेंगे और मेडिकल प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने का अधिकार राज्यों को दिया जाना चाहिए। विधेयक का समर्थन करते हुए जदयू के संजय कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों ही छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने युवाओं को सही मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर बल दिया और लोकतांत्रिक विरोध का समर्थन करते हुए आंदोलनों में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा पर भी सवाल उठाए। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने फास्ट ट्रैक अदालतों में लंबित मामलों और शिक्षा व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। वहीं तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष, एआईएडीएमके के एम. थंबीदुरई, वाईएसआरसीपी के वाई.वी. सुब्बा रेड्डी, बीजेडी के संत्रुप्त मिश्रा और राजद के मनोज झा ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

### राष्ट्रपति भवन में...

अप्रतिम वैभव नजर आया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहुँचे बस्तर के 209 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का न सिर्फ़ स्वयं स्वागत किया बल्कि जनजाति समुदाय को खुद अपने कर-कमलों से भोजन परोस कर खिलाया। करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में शामिल होने की उत्कट इच्छा भी जताई। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने बस्तर की 300 साल पुरानी 'झिटकू-मिटकी' प्रसिद्ध जनजाति कलाकृति भेंट की, जिसे देखकर राष्ट्रपति अभिभूत नजर आईं। मुख्यमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल में गृहमंत्री विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहित बस्तर पंडुम-2026 के विजेता प्रतिभागी, परंपरागत जनजातीय नेतृत्व व्यवस्था के प्रतिनिधि, पद्मश्री सम्मानित विभूतियाँ, जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर पंडुम-2026 के विजेता प्रतिभागियों, परगना मांझी, मांझी, चालकी तथा पद्मश्री सम्मानित विभूतियों के सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने स्वयं सभी अतिथियों को भोजन परोसकर आत्मीयता का परिचय दिया।राष्ट्रपति ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से आत्मीय एवं अनौपचारिक चर्चा करते हुए बस्तर की जनजातीय संस्कृति, लोककलाओं, परंपरागत सामाजिक व्यवस्था तथा बस्तर पंडुम के आयोजन से जुड़े अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कलाकारों और पारंपरिक जनजातीय प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में इन आयोजनों में अवश्य आएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर दशहरा उनके हृदय को विशेष रूप से स्पर्श करता है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की काष्ठ निर्मित प्रतिमा और बस्तर दशहरा की अनूठी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका बस्तर दशहरा से आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मांझी उनके परिवार का हिस्सा हैं और उनके पिता भी मांझी थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर पंडुम छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सव है, जिसने बस्तर की वास्तविक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों ने युवाओं को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से पुनः जोड़ने के साथ पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी नई गति दी है। राष्ट्रपति ने बस्तर के जनजातीय कलाकारों, शिल्पकारों और युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता का संरक्षण करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के प्रयासों और स्थानीय जनभागीदारी से बस्तर आज शांति, विकास और समृद्धि की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बस्तर में शिक्षा, सड़क, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास के नए वातावरण की सराहना करते हुए इसे पूरे देश के लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय बताया। साथ ही उन्होंने मांझी और चालकी की सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे समाज और प्रशासन के बीच प्रभावी सेतु के रूप में कार्य कर बस्तर की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वे कई बार राष्ट्रपति भवन आए हैं, लेकिन पहली बार राष्ट्रपति भवन में बस्तर की पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में इतने बड़े प्रतिनिधिमंडल को देखकर उन्हें विशेष प्रसन्नता हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राष्ट्रपति से बस्तर के प्रतिनिधिमंडल की यह आत्मीय भेंट छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का अवसर है। बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन को राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करने का यह ऐतिहासिक अवसर रहा। आज बस्तर शांति, विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों ने हमारी जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा दिलाई है। उन्होंने कहा राष्ट्रपति का जनजातीय समाज और संस्कृति से विशेष आत्मीय जुड़ाव रहा है। उनके अनुभव, स्नेह और मार्गदर्शन से बस्तर की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति से बस्तर पधारने का आग्रह भी किया है। कहा हमें विश्वास है कि उनके आगमन से बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और विकास यात्रा को नई प्रेरणा और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिलेगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कर देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक विरासत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, विशेष सचिव व जनसम्पर्क आयुक्त रजत बंसल, संस्कृति विभाग के सचिव डॉ एस भारतीदासन, बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह, संस्कृति एवं राजभाषा के संचालक संजय कन्नौजे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी साथ थे।

**झिटकू-मिटकी' की कलाकृति पहुंची राष्ट्रपति के दरबार :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्रेम, समर्पण और लोकआस्था का प्रतीक 'झिटकू-मिटकी' स्मृति-चिह्न भेंट किया। झिटकू–मिटकी बस्तर की लगभग 300 वर्ष पुरानी अमर प्रेमगाथा का प्रतीक है। जनश्रुति के अनुसार, कठिन अकाल के दौरान झिटकू और मिटकी ने अपने प्रेम और समर्पण की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की, जिसके कारण उन्हें देवतुल्य सम्मान प्राप्त हुआ। आज बस्तर में झिटकू को 'खोड़िया राजा' और मिटकी को 'गप्पा देई' के रूप में पूजा जाता है। यह प्रतिमा बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोकआस्था, प्रेम, त्याग और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक मानी जाती है।

### शुक्रवार नमाज...

नंबर 596 वाली भूमि पर जिसे दरगाह की भूमि बताया गया है। शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने माना कि यह स्थान विवादित परिसर के ठीक बगल में है और इसके लिए उपयुक्त प्रतीत होता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह आदेश दोनों पक्षों को आपसी सहमति से किसी अन्य वैकल्पिक स्थान का चयन करने से नहीं रोकेगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुज़ेफा अहमदी ने कोर्ट से अनुरोध किया कि साइट प्लान में दरगाह भूमि के रूप में चिह्नित क्षेत्र पर भी शुक्रवार की नमाज़ के लिए विचार किया जाए। अदालत ने कहा राज्य सरकार केवल कानून-व्यवस्था का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती।

**राज्य सरकार का ध्यान सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने परः** सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने तर्क दिया कि एक राज्य के रूप में सरकार दो पक्षों के बीच अधिकारों की लड़ाई में नहीं पड़ना चाहती और उसका मुख्य ध्यान सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने पर है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी याद दिलाई।

### देश का स्पोर्टस...

हैं। मुख्यमंत्री सैनी नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित स्पोर्टस फिटनेस और इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सपो में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि संकल्पों और सपनों का मेला है, जहां युवा शक्ति का सामर्थ्य साकार होता दिख रहा है। फिट इंडिया, खेलो इंडिया आज के खेल केवल प्रतियोगिता का नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक अभियान बन चुका है। फिटनेस केवल व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि आज विकसित भारत की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के पदकों की कहानी नहीं दिखेगी बल्कि हरियाणा का खेल मॉडल भी आप लोगों को दिखाई देगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में खेलों की संस्कृति दिखाई देती है और उनका विजन भी दिखाई देता है, जिसने इस छोटी सी धरती को भारत की सबसे बड़ी खेल शक्ति बना दिया है। देश की आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी 2% है लेकिन जब पदकों की हिसाब होता है तो हरियाणा सबसे आगे खड़ा दिखाई देता है। खिलाड़ियों में यह जज्बा हमारी मिट्टी से आता है। यहां बच्चा गोद में खेलना नहीं बल्कि खेल के मैदान में लड़ना सीखता है। संघर्ष उसकी घुट्टी होती है, जो उसे गांव की गलियों से विश्व के मंच तक ले जाने का काम करती है।

### न्यूयॉर्क टाइम्स की...

चुनाव में मतदान शुरू होने के बीच पाकिस्तानी कश्मीर में झड़पें'। भारतीय दूतावास की यह तल्ख टिप्पणी इसी से जुड़ी हुई है।

**भारत का अभिन्न अंग, जम्मू-कश्मीरः** दूतावास ने पोस्ट में स्पष्ट करते हुए यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं और हमेशा रहेंगे। यह पाकिस्तान ही है, जिसने इन दोनों प्रदेशों के कुछ भूभाग पर अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। अब वह वहां पर रह रहे लोगों के खिलाफ हिंसा और बलप्रयोग कर रहा है। यहां बता दें कि यह पहला मौका नहीं है। जब भारत ने यूं सार्वजनिक रूप से पीओके को लेकर अपनी स्थिति और रुख को स्पष्ट किया है। इससे पहले भी वह कई बार अपने इसी पक्ष को मजबूती के साथ दुनिया के सामने रख चुका है।

**रोजगार कार्यों की मंत्री सचान ने की**

# योगी सरकार खादी को बना रही आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम :

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



हरिभूमि न्यूज़, लखनऊ
प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने गुरुवार को खादी भवन, डालीबाग में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशिक्षण, बजट व्यय, लंबित न्यायिक प्रकरणों और अनुशासनिक जांचों सहित समग्र कार्यों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खादी, ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं रेशम क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बना रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे और बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित हो। निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग विकास सहायता योजना, गुणवत्ता सुधार, कौशल प्रशिक्षण सहित सभी योजनाओं के लक्ष्य समयसीमा में पूरे किए जाएं। बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित हों।

**प्रदेश एवं देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की**

# सीएम योगी ने श्रावण मास के प्रथम दिन बाबा विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर जाकर किया दर्शन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाराणसी



मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ श्रावण मास के प्रथम दिन सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर तथा श्री काशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था को पूरे श्रावण मास में इसी प्रकार प्रभावी एवं निर्बाध रूप से बनाए रखा जाए। सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए। जहां उन्होंने वैदिक रीति से पूजा-अर्चना एवं आरती कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री यहां से काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन किया और देशवासियों के कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

**कर्मचारियों ने राम मंदिर और हनुमानगढ़ी**

# रेल कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय अयोध्या भ्रमण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा कर्मचारी कल्याण निधि के अंतर्गत रेल कर्मचारियों के लिए अयोध्याधाम का एक दिवसीय धार्मिक भ्रमण शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ।भ्रमण शिविर में गोरखपुर परिक्षेत्र के विभिन्न विभागों के 36 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन का अवलोकन किया तथा अयोध्याधाम के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अयोध्या की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का अनुभव भी प्राप्त किया। रेल प्रशासन के अनुसार इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आपसी सौहार्द, सकारात्मक सोच और कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार करना है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बासुकी नाथ झा पुत्रः पालन झा पताः जी–122, हरकेश नगर, ओखला फेज–II, दिल्ली** ने **case FIR No. 339/2024 U/s 420/406 IPC, थानाः ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बासुकी नाथ झा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बासुकी नाथ झा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case FIR No. 339/2024 U/s 420/406 IPC, थानाः ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बासुकी नाथ झा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 / 31 दिनों के भीतर हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकांक्षा गौतम**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**दक्षिण पूर्व**
**साकेत कोर्ट, दिल्ली**

DP/10497/SE/2026 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. निहाल हसन पुत्र मो. नूर हसन निवासी मकान नंबर डी-52, सराय काले खां, नगली, रजापुर, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 58/2024, दिनांक 14.03.2024 भा.द.सं. की धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मो. निहाल हसन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मो. निहाल हसन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 58/2024, दिनांक 14.03.2024 भा.द.सं. की धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. निहाल हसन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विनोद जोशी**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**दक्षिण पूर्व, कमरा नं. 515**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/10547/SE/2026

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 241 दिनांक 27.07.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-निशा।
पिता का नाम-मदन ।
पता-वासी कबीर बस्ती गोहाना जिला सोनीपत ।
उम्र -15 वर्ष ।
कद -4 फुट 5 इंच ।
हुलियाः- रंग गेहुंआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें ।
पहनावा आसमानी रंग की टी-शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरो मे हवाई चप्पल पहने है।
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2026 को निशा पुत्री मदन वासी कबीर बस्ती गोहाना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410544
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 7419410564
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5113/2027/47667/88/7 दि. 30.072026

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि तक | विस्तारित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | | |
| 09309 | इन्दौर जं. | हज़रत निज़ामुद्दीन | द्वि–साप्ताहिक (शुक्र एवं रवि) | 31.07.2026 | 30.08.2026 तक | 9 |
| 09310 | हज़रत निज़ामुद्दीन | इन्दौर जं. | द्वि–साप्ताहिक (शनि एवं सोम) | 01.08.2026 | 31.08.2026 तक | 9 |
| 09093 | उधना जं. | अयोध्या कैंट | साप्ताहिक (शुक्र) | 31.07.2026 | 28.08.2026 तक | 4 |
| 09094 | अयोध्या कैंट | उधना जं. | साप्ताहिक (शनि) | 01.08.2026 | 29.08.2026 तक | 4 |
| 09097 | उधना जं. | अयोध्या कैंट | साप्ताहिक (मंगल) | 28.07.2026 | 25.08.2026 तक | 4 |
| 09098 | अयोध्या कैंट | उधना जं. | साप्ताहिक (बुध) | 29.07.2026 | 26.08.2026 तक | 4 |
| 09451 | गांधीधाम जं. | भागलपुर जं | साप्ताहिक (शुक्र) | 31.07.2026 | 28.08.2026 तक | 4 |
| 09452 | भागलपुर जं | गांधीधाम जं. | साप्ताहिक (सोम) | 03.08.2026 | 31.08.2026 तक | 4 |

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 297 दिनांक 28.07.26 धारा 140 (3) BNSS शिवाजी कालोनी थाना जिला रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम सुनील
पिता/पति का नाम – पुर्णमासी
पता- निवासी काठ मण्डी जिला रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच
हुलिया- हष्ट- पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, रंग सावला
निवेदन है कि दि0 28.07.26 मुदई मु० हजी नीरज पुत्र पुर्णमासी निवासी काठ मण्डी रोहतक
उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त बाबत अपने भाई सुनील के अपहरण बारे पेश की गई अभियोग पंजीकृत हुआ है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 70829994119,9467508332
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894

पीआरडीएच-1084/11/5115/2027/47679/88/7 दि. 30.072026

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

---

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मोक्षित, ब्यावर



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### कुर्की करने पहुंचे निगम दल के पास लीज धारकों ने जमा कराई राशि

**भोपाल।** नगर निगम की सख्ती के आगे लीज रेंट के बकायादार आखिरकार झुक गए। कुर्की की कार्रवाई करने पहुंचे निगम के दल के सामने ही लीजधारकों ने संयुक्त रूप से 3,56,557 रुपए की बकाया राशि जमा करा दी, जिसके बाद कुर्की की कार्रवाई निरस्त कर दी। जोन-1 के वार्ड 5 में निगम अमला दिनेश दादलानी, रवि कुमार दादलानी, लखन दादलानी तथा मेसर्स आस्था ज्वेलर्स के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई शुरू होने से पहले ही संबंधित लीजधारकों ने पूरी बकाया राशि जमा कर दी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनरक्षक संदीप को किया सम्मानित

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर इकाई के वनरक्षक संदीप कुमार तौहेल को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मप्र के अंतर्गत कार्यरत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स राज्य में वन्यप्राणी अपराधों की रोकथाम और अन्वेषण की शीर्ष संस्था है। पुलिस विभाग की एसटीएफ, एटीएस और सीआईडी की तर्ज पर काम करने वाली इस विशेष इकाई का कार्यक्षेत्र केवल संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व व राष्ट्रीय उद्यान) तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में फैला हुआ है।

### 12 नंबर परियोजना पर विवाद, निगम आयुक्त को शिकायत

**भोपाल।** 12 नंबर बस स्टॉप क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रस्तावित परियोजना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना द्वारा नगर निगम आयुक्त और हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ के जोनल अधिकारी को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 310 एलआईजी आवासों के लिए जारी निविदा प्रक्रिया पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आवश्यक अनुमति प्राप्त होने से पहले आगे बढ़ाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ईआईए नोटिपिफकेशन-2006 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुसार पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य है।

### मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बाजपेई प्रांताध्यक्ष, वर्मा बने प्रमुख सलाहकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन का पुनर्गठन गठन किया गया, जिसमें एनपी तिवारी संरक्षक, अनिल बाजपेई प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा प्रमुख सलाहकार, रामलाल कार्यकारी अध्यक्ष, एनपी दुबे उपाध्यक्ष, राकेश बघेल महामंत्री, अर्जुन सिंह कोषाध्यक्ष, सोहन सिंह, महेंद्र सिंह सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को गजेंद्र कोठारी, हातिम अली अंसारी, संतोष मिश्रा, सुरसरी पटेल, राजू अवस्थी, आरए धारकर, आरएस रघुवंशी, एके ब्यौहार आदि ने बधाई दी है।

### ब्रिक्स सम्मेलनः शहर में 4,500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें सुधारीं

**भोपाल।** शहर की मुख्य सड़कों पर बीते कई दिनों से बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए निगम ने बड़ा मेंटेनेंस ड्राइव शुरू किया है। शहर में ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन को देखते हुए बीते 15 दिनों में निगम की विद्युत शाखा ने विभिन्न क्षेत्रों में 4500 से अधिक स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें फिर से चालू किया है। प्रमुख सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता से सुधारा जा रहा है।

# ग्वालियर बनेगा देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब, लगभग 15 हजार करोड़ रुपए निवेश और 5 हजार रोजगार का होगा सृजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। संचार मंत्रालय एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन स्थापित किया जा रहा है। इस संबंध में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में मप्र शासन एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के बीच प्रस्तावित एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

यह एमओयू परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन कंपनी के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और देश में दूरसंचार विनिर्माण के नए युग की शुरुआत करेगा।

## मुख्यमंत्री की पहल से मप्र की दूरसंचार विनिर्माण के राष्ट्रीय मानचित्र पर बनेगी नई पहचान

### 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना

इस महत्वाकांक्षी परियोजना से आगामी वर्षों में लगभग 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है तथा लगभग 5 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इनमें से करीब 3,500 रोजगार प्रथम चरण में ही उपलब्ध होने का अनुमान है। प्रारंभिक प्रतिबद्धताओं के अनुसार प्रथम चरण में 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में लगभग . 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। परियोजना का संचालन विशेष प्रयोजन कंपनी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें मप्र शासन की 51 प्रतिशत तथा दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी।



### 350 एकड़ में विकसित होगा

लगभग 350 एकड़ में विकसित होने वाला यह अत्याधुनिक प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक क्लस्टर मोबाइल उपकरण, सेमीकंडक्टर तथा 5जी और 6जी अनुसंधान एवं विकास सहित दूरसंचार क्षेत्र की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही परिसर में विकसित करेगा। इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए भारत सरकार ने 493 करोड़ रुपए का शत-प्रतिशत केंद्रीय अनुदान स्वीकृत किया है। राज्य सरकार की ओर से सडा क्षेत्र में 100 एकड़ तथा ग्वालियर आईटी पार्क में 70 एकड़, कुल 170 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### एमएसएमई, स्टार्टअप्स, स्थानीय आपूर्ति कर्ताओं को विकसित होने का अवसर

यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तथा टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी राष्ट्रीय पहलों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनुसंधान से लेकर कंपोनेंट निर्माण और अंतिम उत्पाद निर्माण तक की सम्पूर्ण श्रृंखला को एकीकृत करेगी। साथ ही एमएसएमई, स्टार्टअप्स और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को बड़े उद्योगों के साथ विकसित होने का अवसर मिलेगा, जिससे देश की दूरसंचार सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी।

### औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन को देश के सबसे आकर्षक औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अंतर्गत पात्र स्थिर पूंजी निवेश पर अधिकतम 200 करोड़ रुपए तक 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, मेगा परियोजनाओं के लिए रोजगार सृजन सहायता, प्रत्येक नए कर्मचारी के कौशल विकास पर वित्तीय सहायता, मात्र 1 रुपए प्रीमियम पर भूमि आवंटन तथा 30 वर्षों तक नाममात्र की लीज़ दर का प्रावधान किया गया है।

## सीएम ने एक हजार प्राथमिक शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा, उज्जैन में खुलेगी धन्वंतरी मेडिकल यूनिवर्सिटी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा, संस्कार, तकनीक और सांस्कृति चेतना के अद्भुत समन्वय का संदेश देकर कहा है कि प्रदेश में विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय भविष्य के भारत के निर्माण की आधारशिला सिद्ध होंगे। इन विद्यालयों से हम अपने लाखों विद्यार्थियों का एक सुनहरा भविष्य गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जबलपुर में एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी है। दूसरी की महती आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए अब उज्जैन में ही नवीन धनवन्तरी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

डॉ. यादव बुधवार को 'गुरू पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित 'महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उज्जैन के लिए 587.23 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न श्रेणी के 9 बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने तीन वर्ष तक बोर्ड परीक्षाओं में लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 6 प्राचार्यों को सांदीपनि अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में नव नियुक्त 7500 प्राथमिक शाला शिक्षकों में से 10 शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

- गुरू पूर्णिमा पर उज्जैन से प्रदेश में नए शैक्षणिक युग का शुभारंभ
- उज्जैन जिले को 587.23 करोड़ के 9 विकास कार्यों की सौगात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने महर्षि सांदीपनि की पूजा-अर्चना की।

### कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। आज उज्जैन में गीता भवन का लोकार्पण नागरिकों के लिए कई प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित 'मिशन बुनियाद' का शुभारंभ किया। यह मिशन प्रदेश के 8 जिलों के 500 शासकीय स्कूलों में चलाया जाएगा।



नवनियुक्त प्राथमिक शाला शिक्षिका को नियुक्ति पत्र देते डॉ. मोहन यादव।

### प्रदेश में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर प्रदेशभर में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है। इनमें 39 स्कूल शिक्षा विभाग और 21 जनजातीय कार्य विभाग के हैं।

### 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में नई भर्तियों की शुरुआत की है। विगत दो साल में पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग में 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा हुआ है। आज 3 संभागों के लगभग 1000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक महर्षि सांदीपनि के वंशज के रूप में जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शासकीय विद्यालयों के ऐसे प्राचार्यों को, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में तीन साल तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है, उन्हें सम्मानित किया गया है।

## सिर्फ ऊंची इमारतें नहीं, अब समय लो-कार्बन बिल्डिंग्स बनाने का

**नई दिल्ली।** भारत हर दिन तरक्की कर रहा है। हर दिन नई कॉलोनियाँ और टाउनशिप बस रही हैं। ऐसे में, अब जरूरत सिर्फ ज्यादा बिल्डिंग्स बनाने की नहीं, बल्कि ऐसी लो-कार्बन बिल्डिंग्स तैयार करने की है, जो कम बिजली खर्च करें, कम कार्बन उत्सर्जन करें और बदलते मौसम की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना भी कर सकें। अनुमान है कि 2050 तक देश को जितनी बिल्डिंग्स और दूसरी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत होगी, उनमें से आधे से ज्यादा का निर्माण अभी होना बाकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाए) जैसे कार्यक्रम इस बदलाव का बड़ा अवसर हैं।इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में ऊर्जा से जुड़े करीब 40 फीसदी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लिए बिल्डिंग्स जिम्मेदार हैं। यह उत्सर्जन सिर्फ उनके इस्तेमाल से नहीं, बल्कि सीमेंट, स्टील और दूसरी निर्माण सामग्री तैयार करने से लेकर पूरी बिल्डिंग बनने तक भी होता है। भारत ने इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (आईसीएपी) और एनर्जी कंजर्वेशन एंड सस्टेनेबल बिल्डिंग कोड (ईसीएसबीसी) जैसी नीतियाँ बनाई हैं, लेकिन ज्यादा शुरुआती लागत और निवेश की कमी के कारण छोटे बिल्डर्स, बैंक और फाइनेंस कंपनियों के लिए ऐसे प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाना आसान नहीं है।इसी चुनौती को दूर करने के लिए ग्रीन फाइनेंस नेटवर्क (जीएफएन) बनाया गया है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ दीपोत्सव

**भोपाल।** भाजपा द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एड. रामस्वरूप शुक्रवारे सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्जवलित किए। प्रदेश कार्यालय सहित पूरे मध्यप्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों, 1313 मंडलों के लगभग 21 हजार स्थानों पर एक साथ दीप प्रज्ज्वलित कर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज को नमन किया गया। अभियान के अंतर्गत जिन स्थानों पर संत गुरु रविदास महाराज के मंदिर हैं, वहां विशेष रूप से दीप प्रज्ज्वलन किए गए। वहीं, जिन क्षेत्रों में मंदिर उपलब्ध नहीं हैं, वहां सार्वजनिक स्थलों पर संत रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

## चार लाख की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को किया काबू

थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बचवार में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बचवार में हुई करीब चार लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के आभूषणों को बैंक में गिरवी रखकर गोल्ड लोन लेने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

प्रार्थी अर्पण कुमार उरांव, निवासी ग्राम बचवार, थाना शंकरगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर और अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, तीन हजार रुपये नकद तथा दो सीसीटीवी कैमरे चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान थाना गांधीनगर पुलिस से सूचना मिली कि वहां एक अन्य मामले में गिरफ्तार आरोपी आनंद कुमार पन्ना ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपने साथी आकाश गाईन के साथ मिलकर शंकरगढ़ में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



### बैंक में गोल्ड रखकर आरोपियों ने राशि उठाई थी

इसके बाद फरार सह-आरोपी आकाश गाईन को पुलिस ने अंबिकापुर से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि आनंद पन्ना चोरी किए गए सोने-चांदी के गहने उसके पास लेकर आया था। इन गहनों को आकाश की मां नीलिमा गाईन के माध्यम से अंबिकापुर स्थित मणप्पुरम बैंक में गिरवी रखकर 3.80 लाख रुपये का गोल्ड लोन लिया गया। बैंक से मिले ऋण की राशि में से 20 हजार रुपये आनंद पन्ना की बहन मंजुषा पन्ना के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305, 331(3) और 3(5) के तहत आकाश गाईन (23), निवासी सुभाषनगर, अंबिकापुर, नीलिमा गाईन (38), निवासी सुभाषनगर, अंबिकापुर तथा मंजुषा पन्ना (31), निवासी भगवानपुर, सुभाषनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## गुरु पूर्णिमा पर पतंजलि में 111 कुण्डीय महायज्ञ

# फिल्मी सितारों को नहीं, माता-पिता, दादा-दादी और महापुरुषों को बनाएं रोल मॉडल : रामदेव

*गुरु पूर्णिमा सकारात्मकता और पुरुषार्थ का संवाहक पर्व :*

**हरिद्वार।** पतंजलि फेज-दो योग भवन में दिव्य और भव्य तरीके से गुरु पूर्णिमा मनाया गया। इस दौरान पतंजलि योगपीठ पूरी तरह से गुरु-शिष्य परंपरा में डूबा रहा। यज्ञ, हवन से पूरा वातावरण बेहद 'भावमय' हो गया था। आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम में आज के पावन पर्व पर वैदिक रीति से 1176 विद्यार्थियों का उपनयन व वेदारंभ संस्कार संपन्न हुआ। वहीं, पतंजलि फेज-दो के योग भवन में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन किया गया। जहां स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से आशीष लेने के लिए हजारों शिष्य मौजूद रहें। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ मुर्ख गुरु-शिष्य परंपरा को गुरु की गुलामी कहते हैं जबकि खुद वो विलासिता में डूबे हुए हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि नायक और नायिका को अपना आदर्श, रोल मॉडल और आईकन मत मानो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नानी-नानी को रोल मॉडल मानो। वहीं, आचार्य बालकृष्ण ने गुरु-शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए स्वामी रामदेव से चरण छूकर आशीर्वाद लेकर कहा कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सकारात्मकता व पुरुषार्थ का संवाहक है।



गुरु के बताये पथ पर चलने वाला कभी गलत रास्तों पर नहीं जा सकता। पतंजलि फेज-दो योग भवन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को साक्षात ब्रह्मस्वरूप माना गया है।



चिंतन

# विद्वानों पर टिप्पणी करने से बचें राजनेता

विद्वान और शिक्षाविद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे किसी भी दल, धर्म, जाति या दल से ऊपर होते हैं। ऐसे में राजनेताओं को विद्वानों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नवगठित शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहे जाने पर लोकसभा में हंगामा हो गया। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के कथित औषधीय गुणों पर अपनी राय के कारण पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस मामले को लेकर 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखकर इसी चिंता को सामने रखा है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, उनके विचारों और शोध पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर उनका मजाक उड़ाना उचित नहीं है। प्रो. कामकोटि को पारंपरिक ज्ञान या किसी वैज्ञानिक परिकल्पना पर अपनी राय रखने का अधिकार है। यदि उनके किसी दावे या विचार से असहमति है तो उसके प्रमाणों और वैज्ञानिक आधार को चुनौती दी जानी चाहिए। वैज्ञानिक विमर्श की यही स्वस्थ परंपरा है। प्रो. वी. कामकोटि कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् हैं तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं। उन्होंने इसी संस्थान से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा और पीएचडी हासिल की। उनके नेतृत्व में उस टीम ने भारत के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों में भी भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे व्यक्ति की किसी एक राय को आधार बनाकर उसकी पूरी विद्वत्ता को एक उपहासपूर्ण संबोधन में सीमित कर देना निश्चित रूप से स्वस्थ बहस का तरीका नहीं हो सकता। यदि गोमूत्र के औषधीय गुणों को लेकर कोई दावा वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता, तो वैज्ञानिक समुदाय और राजनेताओं को उसके प्रमाण मांगने चाहिए। शोध को शोध से चुनौती दी जानी चाहिए, व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा और परीक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर बनी समितियों में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। पेपर लीक जैसी समस्या केवल शिक्षा विभाग की समस्या नहीं है। इसमें तकनीक, साइबर सुरक्षा, प्रशासन, खुफिया तंत्र और परीक्षा संचालन से जुड़े विशेषज्ञों की भी भूमिका हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास से बहस का स्तर गिरता है। सत्ता पक्ष के नेताओं पर भी यही कसौटी लागू होनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, न्यायविद् या अन्य विद्वान की राजनीतिक विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान बना रहना चाहिए। शिक्षाविदों की आपत्ति को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है कि विचारों पर कठोर बहस कीजिए, प्रमाण मांगिए, गलत दावों को तथ्यों से खारिज कीजिए, लेकिन विद्वानों का उपहास मत उड़ाइए। भारत को आज ऐसी ही संवाद संस्कृति की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद ज्ञान और विद्वता के प्रति सम्मान बना रहे।



मुद्दा
रोहित कौशिक

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं।

# फर्जी शिक्षण संस्थानों पर नकेल जरूरी

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आते भी रहते हैं। ऐसे संस्थानों के संदिग्ध क्रियाकलापों का खुलासा होने पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर ऐसे संस्थान फिर शुरू हो जाते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती में फर्जी बीपीएड डिग्रियां बांटने वाले उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय पर कार्रवाई भी की गई थी। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक निजी विश्वविद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की थी। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी डिग्रियां, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद की थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं। कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर इन पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल, ऐसे मामलों में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बन्द क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी, लेकिन नब्बे के दशक में




व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का काम किया गया। सरकार ने खुद खाओ, खुद कमाओ की नीति के तहत शिक्षा का निजीकरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। सरकार की इस नीति से अनेक औद्योगिक घराने अपना पारम्परिक व्यापार त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में कूद पड़े। उनके लिए यह उपक्रम सिर्फ एक व्यापार को त्याग कर दूसरे व्यापार को अपनाना भर था। इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। हमारे देश में प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रदान करने का प्रायोजन धर्मार्थ माना गया है। इसलिए सरकार की नई नीति के तहत शिक्षा प्रदान करते हुए इन सभी व्यापारियों को धर्म एवं समाज सेवा का आवरण अपने आप मिल गया। धर्म एवं समाजसेवा के आवरण में मुनाफा कमाने का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं हो सकता था। इसलिए शिक्षा के निजीकरण ने एक नए किस्म के व्यापार को जन्म दिया, जिसमें मुनाफा तो पूरा था, लेकिन व्यापारी की छवि मुनाफा कमाने वाले की नहीं बल्कि उपकार करने वाले की थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कई बार जानबूझकर इन विसंगतियों को नजरअन्दाज किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। अपना मुंह बन्द रखने और अवैध रूप से मान्यता देने के लिए शिक्षण संस्थाओं द्वारा इन अधिकारियों को मोटी रकम दी जाती है। स्पष्ट है कि शिक्षा जगत में फैले भ्रष्टाचार को बढ़ाने में इस क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विभिन्न समितियों में स्थान प्राप्त प्रोफेसर्स भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल, निजी शिक्षण संस्थानों के मालिक विभिन्न राजनेता और अन्य प्रभावशाली लोग होते हैं इसलिए इस मामले में जानबूझकर चुप्पी साध ली जाती है। ऐसे मामलों में जितने दोषी विश्वविद्यालयों के संचालक हैं, उतनी ही दोषी सरकार और उससे जुड़े अधिकारी भी हैं।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# आम आदमी की बोली के रचनाकार थे मुंशी प्रेमचंद

आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। ग्रामीण जन जीवन के चितेरे लेखक मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी न केवल प्रासंगिक हैं अपितु हिंदी साहित्य की अमर अजय रचनाएं हैं। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास विधा में एक नई और जीवंत परंपरा की शुरुआत की। उनकी प्रत्येक रचना सच्चाई के इर्दगिर्द घूमती है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं और पीड़ाओं को यथार्थ रूप से चित्रित किया। यही कारण है कि वे साहित्य के अमर अजर रचनाकार के रूप में ख्यात हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। प्रेमचंद ने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया। कहानी 1907 से लिखने लगे। उर्दू में नवाबराय नाम से लिखते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों लिखी गई उनकी कहानी सोजेवतन 1910 में जब्त की गई। उसके बाद अंग्रेजों के उत्पीड़न के कारण वे प्रेमचंद नाम से लिखने लगे। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की। 1930 में हंस का प्रकाशन शुरु किया। इन्होंने मर्यादा, हंस, जागरण तथा माधुरी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। ये आधुनिक कथा साहित्य के जन्मदाता कहलाए। उन्हें कथा सम्राट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 300 से अधिक कहानियां लिखी हैं। इन कहानियों में आम आदमी की घुटन, चुभन व कसक को अपनी कहानियों में उन्होंने प्रतिबिम्बित किया। उनकी कहानियों में रूढ़ियों, अंधविश्वासों, अंधपरंपराओं पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं को भी उभारा गया है। ईदगाह, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दारोगा, दो बैलों की आत्म कथा जैसी कहानियां कालजयी हैं। तभी तो उन्हें कलम का सिपाही, कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रेमचंद के साहित्य में समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि उनका समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। सेवा सदन में वेश्यावृत्ति की समस्या, गबन में नारी के आभूषण प्रेम की समस्या, कर्म भूमि में जमीदारों के अत्याचारों का पूंजीपतियों की हठधर्मिता की समस्या, निर्मला में अनमेल विवाह की समस्या आदि का चित्रण किया गया है। इस प्रकार प्रेमचंद अपने साहित्य में इन समस्याओं को उनके दुष्प्रभावों से परिचित कराते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन की संपूर्ण झांकी को प्रस्तुत करता है। गोदान उपन्यास तो ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहलाता है। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा आदि कहानियां भी ग्रामीण पृष्ठभूमि में लिखी गई हैं। इन रचनाओं में उन्होंने ग्रामीणों के प्रति एक नवीन व स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाकर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया है। मुंशी प्रेमचंद एक महान कथाकार के साथ-साथ एक अच्छे समाज सुधारक भी रहे हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम सामाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया है। मुंशी प्रेमचंद देश के ऐसे पहले रचनाकार थे जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलस्मी और ऐयारी से बाहर निकाल कर जमीनी हकीकत से परिचय कराया। उन्होंने अपनी रचनाओं में आम लोगों विशेषकर मेहनतकश वर्ग की भावनाओं और सच्चाइयों को वर्णित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश की वास्तविक और जमीनी समस्याओं से देशवासियों को अवगत कराया। प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह आम भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में ऐसे नायक हुए,जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल,सहज और जनसाधारण की बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से समाज के सामने प्रस्तुत किया। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक माने गए। उनकी रचनाओं में समाज का पूरा 'परिवेश' उसकी 'कुरूपता' और 'असमानता', 'छुआछूत', 'शोषण' की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था तथा खुद उस जिंदगी को भोगा भी था। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था। प्रेमचंद ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया, जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों जमकर विरोध किया और आम आदमी की कहानी उनकी बोलचाल की भाषा में चित्रित की।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**क्या इस्तीफे लेने-देने से भ्रष्टाचार रुक जाएगा?**

पेपर लीक के मामलों और अन्य गड़बड़ घोटालों के लिए शत-प्रतिशत भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ों को काटने के लिए काम नहीं किया जाएगा, तब तक देश में कोई भी गलत काम नहीं रुकेगा। सरकारों में चेहरे बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, बल्कि सरकारों को धरातल पर काम करना होगा। अफसरों और अन्य सभी भ्रष्ट लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए सरकारें ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं।

- सुरेश वर्मा, बिलासपुर

### ट्रेंड

**विपक्ष की भूमिका**



संसद में विपक्ष की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रही है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका एकमात्र मकसद सदन की कार्यवाही में बाधा डालना रहा है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।
- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

**टेलीकॉम सेक्टर**



टेलीकॉम सेक्टर को लेकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच होने वाला एमओयू ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है... इस समझौते के ज़रिए देश की कई टेलीकॉम कंपनियाँ मध्य प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।
- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

**युवा आंदोलन**



युवा आंदोलन से बड़े मीडिया घरानों के लिए भी एक अहम सबक मिलता है: मुख्यधारा की मीडिया को 'मेन स्ट्रीट मीडिया' बनना होगा। आज संकट सिर्फ़ 'राष्ट्रीय सरकार' के लिए ही नहीं, बल्कि तथाकथित 'राष्ट्रीय मीडिया' के लिए भी उतना ही बड़ा है।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

**फास्ट-ट्रैक कोर्ट**



आज सरकार फास्ट-ट्रैक कोर्ट की बात तो करती है, लेकिन 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 10 सालों में 152 बार पेपर लीक हुए हैं।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### करंट अफेयर

## सेवानिवृत्त से एक दिन पहले रिश्वत लेते पकड़ाया अभियंता


पुलिस ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर नगर निगम के एक कार्यकारी अभियंता (ईई) को लंबित बिलों के भुगतान के लिए एक ठेकेदार से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि आरोपी सुशील कटारे (62) 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार सचिन पचौरी ने दो दिन पहले भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि कटारे ने पचौरी द्वारा किए गए सिविल कार्यों के लिए लगभग 36 लाख रुपये के बिल को मंजूर करने के लिए एक प्रतिशत कमीशन या 36,000 रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त पुलिस को बताया कि वह पहले ही आरोपी अभियंता को 30,000 रुपये का भुगतान कर चुका है। शर्मा ने बताया, "नगर निगम कार्यालय में जाल बिछाया गया। जैसे ही ठेकेदार ने 6,000 रुपये की शेष राशि कार्यकारी अभियंता को सौंपी, हमारी टीम ने उसे पकड़ लिया।" उन्होंने बताया कि कटारे के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।



### ऑफ बीट

## प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



राहुल, खरगे और जयराम ने केंद्र को घेरा

# शिक्षामंत्री का इस्तीफा तो पहला कदम सिस्टम बदले बिना नहीं रुकेगा 'लीक'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना हमला और तेज कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के जरिए सरकार की परीक्षा व्यवस्था और हाल में पारित पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर सवाल उठाए हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था और करोड़ों युवाओं के भविष्य का सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की मूल मांगों से ध्यान भटका रही है। राहुल ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय किए बिना और व्यापक सुधार लागू किए बिना छात्रों को न्याय नहीं मिल सकता। उन्होंने हालिया छात्र आंदोलन और पुलिस कार्रवाई का मुद्दा भी उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में चर्चा और अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि सरकार जिस संशोधन विधेयक को लेकर श्रेय ले रही है, वही काम 2024 में भी किया जा सकता था। उनका आरोप था कि उस समय लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने सुधारों की बजाय राजनीति को प्राथमिकता दी। खरगे ने कहा कि कांग्रेस संशोधन विधेयक का स्वागत करती है, लेकिन यह अभी भी अधूरा है क्योंकि इसमें पेपर लीक होने के बाद की कार्रवाई तो मजबूत की गई है, पर पेपर लीक रोकने की प्रभावी व्यवस्था का अभाव है। उनका कहना था कि जब तक पूरी परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं आएगी, तब तक पेपर लीक की घटनाएं नहीं रुकेंगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बहाल करने की लंबी प्रक्रिया का केवल पहला कदम है। उन्होंने महाराष्ट्र कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एमएच-सीईटी) और कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों के बीच लगातार दिख रही असमानता का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या इसके पीछे कोई गड़बड़ी है या फिर कोचिंग संस्कृति स्कूल आधारित शिक्षा पर हावी हो गई है। जयराम ने कहा कि केवल पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का प्रावधान कर देना समाधान नहीं है और इससे हाल के महीनों में सड़कों पर उतरे लाखों छात्रों के आक्रोश का समाधान नहीं होगा। परीक्षा प्रणाली में व्यापक और संरचनात्मक सुधार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, जवाबदेही तय करने की व्यवस्था तथा छात्रों का भरोसा बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाना समय की मांग है। केवल कड़े दंड के प्रावधानों से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा।

संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावे पर सपा के प्रदर्शन पर भाजपा ने साधा निशाना, बोले त्रिवेदी

# जो राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, आंदोलन का मजाक उड़ाते थे, वे मंदिर पर चिंता का ढोंग कर रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि जो लोग पूर्व में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे और राम जन्मभूमि आंदोलन का मजाक उड़ाते थे, वे अब मंदिर पर चिंता जताने का ढोंग कर रहे हैं।

राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संसद परिसर में राम मंदिर के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार इस मामले को संवेदनशीलता से संभाल रही है। यह बयान उस वक्त आया जब समाजवादी पार्टी के सांसदों ने बृहस्पतिवार को संसद भवन परिसर में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के विरोध में प्रदर्शन किया।

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर अयोध्या में राम मंदिर को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठाते थे और राम जन्मभूमि आंदोलन का मज़ाक उड़ाते थे, वे अब मंदिर के मुद्दे पर चिंता जताने का दिखावा कर रहे हैं। भाजपा ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार इस मामले को संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ संभाल रही है।

भाजपा के राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी जिस तरह की राजनीति करने की कोशिश कर रही है, वह बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, यह बिल्कुल साफ है कि सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार इस मामले को पूरी संवेदनशीलता और सावधानी के साथ संभाल रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा और उसके सहयोगी भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठाते हैं और राम जन्मभूमि आंदोलन का मजाक उड़ाते हैं। त्रिवेदी ने कहा, ये वही लोग हैं, जो कहते थे कि अयोध्या का कोई इतिहास ही नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने दावा किया था कि भगवान श्री राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था।

त्रिवेदी ने कहा किये वही लोग हैं, जिन्होंने इस मुद्दे का मजाक उड़ाते हुए पूछा था कि क्या राजा दशरथ के इतने सारे महल थे और वे कहां स्थित थे। उन्होंने कहा, ये वही लोग हैं, जिन्होंने राम भक्त 'कार सेवकों' के खून से सरयू नदी को लाल कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने अयोध्या का 'अपमान' किया, वे अब मंदिर के मुद्दे पर चिंता जताने का दावा कर रहे हैं, वे सनातन धर्म के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने अयोध्या का अपमान किया, अयोध्या को बदनाम किया, अयोध्या को शर्मसार किया और सरयू को रक्त-रंजित किया, वे अब चिंता जताने का ढोंग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले चार वर्षों से बंद छात्रसंघ चुनावों की बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को जयपुर में एनएसयूआई के 3छात्र नेताओं ने टोंक फाटक पुलिया के पास रेलवे प्रशासन की पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं।



### एआई की बिल्डिंग में होगा देवेंद्र का ऑफिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ऑफिस राज्य सचिवालय (मंत्रालय) से मुंबई की मशहूर एअर इंडिया बिल्डिंग में शिफ्ट हो रहा है।एअर इंडिया की ये बिल्डिंग नरीमन प्वाइंट के पास है। एअर इंडिया के प्राइवेटाइजेशन के बाद इसकी गैर-मुख्य संपत्तियां को एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड को सौंप दिया गया।



### 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' को मिले यूनिफॉर्म, हेलमेट

**कोलकाता।** यहां दुर्गा पूजा के लिए सुरक्षा और तैयारियां शुरू होने लगी हैं। कोलकाता पुलिस के 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' की सदस्य, अब ड्यूटी के दौरान अपनी यूनिफॉर्म के ऊपर खास तौर पर डिजाइन की गई गुलाबी और नारंगी रंग की वेस्टकोट पहनेंगी। इन वेस्टकोट पर देवी दुर्गा और त्रिशूल बनी होगी। जागरूकता के लिए इसे शुरू किया था।



### अब स्टालिन से नाराज पन्नीरसेल्वम छोड़ेंगे पार्टी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक ओ. पन्नीरसेल्वम डीएमके से नाराज हैं। उनकी नाराजगी की वजह स्टालिन की ओर से डीएमके में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दिया जाना है। पन्नीरसेल्वम चुनाव से पहले अपने बेटे के साथ डीएमके में शामिल हुए थे, लेकिन न उन्हें और न ही उनके बेटे को कोई जिम्मेदारी दी गई है।



### स्कूलों में परोसी जाएगी चिकन बिरयानी!

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार की मिड डे मील योजना में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री राजमोहन ने कहा है कि सरकार विचार कर रही है कि छात्रों को हफ्ते में एक दिन चिकन बिरयानी परोसी जाए। इस संबंध में प्रस्ताव मुख्यमंत्री विजय को भेजा गया है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।



श्रमशक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़, ओडिशा की उच्चस्तरीय बैठक

# महानदी विवाद नहीं, छत्तीसगढ़-ओडिशा की साझा समृद्धि का आधार बने : विष्णुदेव साय




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में महानदी जल विवाद के समाधान को लेकर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू सहित दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महानदी छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों की साझा जीवनरेखा है। यह किसानों, उद्योगों, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ इस बैठक को विवाद की निरंतरता नहीं, बल्कि समाधान की नई शुरुआत के रूप में देखता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ओडिशा की सिंचाई, पेयजल और हीराकुंड परियोजना से जुड़ी चिंताओं का सम्मान करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, आदिवासी क्षेत्रों, सूखा प्रभावित अंचलों और भविष्य की विकास आवश्यकताओं को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने दोनों राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए सम्मानजनक, व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि दोनों राज्यों के विशेषज्ञ उपलब्ध जल के वैज्ञानिक आकलन, कम वर्षा वाले वर्षों के लिए साझा व्यवस्था तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थायी संस्थागत तंत्र विकसित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक एवं तकनीकी स्तर पर अधिकतम मुद्दों का समाधान किया जाए और केवल नीतिगत विषय ही मंत्रिस्तरीय स्तर पर लाए जाएं। साय ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और केंद्रीय जल आयोग से निष्पक्ष तकनीकी सहयोग, समयबद्ध कार्ययोजना तथा दोनों राज्यों के बीच दीर्घकालिक समझौते का प्रारूप तैयार कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महानदी विवाद की रेखा नहीं, बल्कि सहयोग, विकास और भाईचारे का सेतु बने।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहकारी संघवाद और संवाद आधारित दृष्टिकोण ने वर्षों पुराने जटिल विषयों के समाधान का सकारात्मक वातावरण तैयार किया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रक्रिया से दोनों राज्यों के किसानों, नागरिकों और भावी पीढ़ियों का जल भविष्य सुरक्षित होगा।

### छत्तीसगढ़—ओडिशा महानदी जल विवादः क्विक-रीड

- ▶▶ महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में है और यह ओडिशा से होकर बंगाल की खाड़ी में मिलती है।
- ▶▶ महानदी बेसिन का बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ और ओडिशा में फैला है।
- ▶▶ विवाद 2016 में तब तेज हुआ जब ओडिशा ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ महानदी और उसकी सहायक नदियों पर बैराज व एनीकट बनाकर पानी रोक रहा है, जिससे निचले हिस्से में जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

#### ओडिशा का पक्ष

- ऊपरी धारा में जल रोकने से हीराकुंड बांध में पानी की उपलब्धता घटने का दावा।
- खरीफ और रबी सिंचाई, पेयजल और उद्योगों पर असर की आशंका।
- बिना सहमति नई जल परियोजनाएं शुरू करने का आरोप।

#### छत्तीसगढ़ का पक्ष

- राज्य का कहना है कि वह अपने हिस्से के पानी का वैध उपयोग कर रहा है।
- अधिकांश बैराज जल संरक्षण और सिंचाई के लिए हैं, उनसे ओडिशा के अधिकार प्रभावित नहीं होते।
- जल समुद्र में चला जाता है, जल प्रबंधन आवश्यक है।

#### अब तक हुई प्रमुख कोशिशें

- ▶▶ 2016: दोनों राज्यों के बीच कई दौर की मंत्रीस्तरीय और अधिकारी स्तर की वार्ता हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी।
  **सुप्रीम कोर्ट की पहल:** ओडिशा की याचिका के बाद केंद्र को ट्रिब्यूनल गठित करने का निर्देश मिला।
- ▶▶ 2018: केंद्र सरकार ने अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम के तहत महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल का गठन किया।
  ट्रिब्यूनल ने दोनों राज्यों से जल उपलब्धता, उपयोग और परियोजनाओं से जुड़े विस्तृत तकनीकी एवं वैज्ञानिक आंकड़े मांगे।
  ट्रिब्यूनल की टीम ने कई बार दोनों राज्यों में बैराजों और परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया।
- ▶▶ 2025: दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से समाधान निकालने की दिशा में पहल की और इंजीनियरों की संयुक्त टीम बनाकर नियमित बैठकें शुरू करने पर सहमति बनी।
- ▶▶ 2026: ट्रिब्यूनल ने दोनों राज्यों को अंतिम अवसर देते हुए स्पष्ट किया कि यदि आपसी सहमति नहीं बनी तो वह उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा।

# हिंसा छोड़ विकास की राह पर बढ़ रहा बस्तर, देश के गर्व की बातः राष्ट्रपति मुर्मू

**राष्ट्रपति भवन में बस्तर पंडुम के विजेताओं से मिलीं**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार के प्रयासों और बस्तर के लोगों की सक्रिय भागीदारी से यह क्षेत्र अब विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। हिंसा का माहौल पीछे छूट रहा है और लोग शिक्षा, रोजगार तथा विकास के नए अवसरों को अपना रहे हैं। यह बदलाव पूरे देश के लिए खुशी और गर्व का विषय है।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में गुरुवार को बस्तर पंडुम-2026 के विजेताओं, परगना मांझी और चालकी सहित बस्तर मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर पंडुम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। इसका उद्देश्य बस्तर की वास्तविक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में परगना मांझी और चालकी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज और प्रशासन के बीच एक प्रभावी सेतु हैं। उनके नेतृत्व से समाज में शांति, समृद्धि और खुशहाली को नई मजबूती मिलेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि आज बस्तर के दूरदराज़ गांवों तक सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं।

लंबे समय से बंद पड़े स्कूलों में फिर से बच्चों की चहल-पहल लौट आई है और शिक्षा की रोशनी हर घर तक पहुंच रही है। बस्तर में विश्वास, उम्मीद और विकास का नया वातावरण बन रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा शिक्षा, विज्ञान, कला और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आदिवासी समाज में खेल और कला की स्वाभाविक प्रतिभा है। उन्होंने हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए इसे प्रतिभाओं को मंच देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास जताया कि आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, वंचित वर्गों और वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तीकरण पर बल देते हुए जल, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को जनजीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

संसद में गोमूत्र विवाद का मामला गहराया, उठे

# प्रियंका की टिप्पणी गलत और निंदनीय 215 कुलपति-शिक्षाविदों ने पत्र लिखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि पर प्रियंका गांधी की 'गोमूत्र एक्सपर्ट' टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में 215 से अधिक कुलपतियों, पूर्व कुलपतियों और शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से एक खुला पत्र जारी कर इसकी निंदा की है। कहा गया है किसी विद्वान के विचारों पर बहस के बजाय उसे संबोधित करना वैज्ञानिक सोच और स्वस्थ सार्वजनिक संवाद को कमजोर करता है। पत्र में कहा गया है कि संसद ऐसे मंच के रूप में देखी जाती रही है, जहां विचारों पर गंभीरता से चर्चा हो,किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके तर्कों के आधार पर किया जाए, न कि व्यंग्य या

सांसद ने कहा: न्याय तक आसान पहुंच और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# दक्षिण हरियाणा को हाईकोर्ट की सर्किट बेंच मिले राज्यसभा में भाटिया ने उठाई मांग, समय बचेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान सांसद संजय भाटिया ने गुरुग्राम में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित किए जाने की जोरदार मांग उठाई। सदन में मुद्दा उठाते हुए सांसद ने कहा कि वर्तमान में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट केवल चंडीगढ़ में स्थित होने के कारण गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ तथा दक्षिण हरियाणा के अन्य जिलों के लाखों वादकारियों, अधिवक्ताओं, उद्योगों और कॉरपोरेट संस्थानों को प्रत्येक मामले के लिए चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इससे मुकदमेबाजी की लागत, यात्रा का समय तथा अवसर लागत में अनावश्यक वृद्धि होती है और समयबद्ध न्याय प्राप्त करने में कठिनाई आती है। संजय भाटिया ने कहा कि गुरुग्राम आज देश का प्रमुख आईटी हब, कॉरपोरेट केंद्र, वित्तीय सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र, स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा औद्योगिक विकास का प्रमुख इंजन बन चुका है। यहां बड़ी संख्या में वाणिज्यिक विवाद, श्रम संबंधी मामले, भूमि अधिग्रहण, मध्यस्थता कर विवाद, दिवालियापन तथा संवैधानिक मामलों से जुड़े प्रकरण उत्पन्न होते हैं। ऐसे में गुरुग्राम में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित होना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में गुरुग्राम में अत्याधुनिक टॉवर ऑफ जस्टिस का उद्घाटन किया गया है, जिसमें आधुनिक न्यायिक अवसंरचना, डिजिटल कोर्टरूम और ई-कोर्ट सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह परिसर हाईकोर्ट की सर्किट बेंच के संचालन के लिए उपयुक्त आधार प्रदान करता है। सांसद ने अपने वक्तव्य में संविधान के अनुच्छेद 39ए का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक को समान न्याय उपलब्ध कराया जाए।

### त्वरित न्याय पर जोर

वहीं अनुच्छेद 21 के अंतर्गत त्वरित न्याय को भी जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अभिन्न हिस्सा माना गया है। इसलिए न्यायिक संस्थाओं का विकेंद्रीकरण केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा सरकार, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा अन्य संबंधित विभागों के साथ परामर्श कर गुरुग्राम में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित किए जाने की व्यवहार्यता अध्ययन शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

भाजपा सांसद ठाकुर ने राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस दिया

# राहुल गांधी ने ऐसे आरोप लगाए जो प्रमाणित नहीं थे और जिनसे सदन की गरिमा प्रभावित हुईः अनुराग

**अब लोकसभा अध्यक्ष तय करेंगे कि मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा जाए या नहीं**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस दिया है। ठाकुर ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा है। अनुराग ठाकुर का आरोप है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में एंटी-पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ असंसदीय, अपमानजनक और बिना प्रमाण के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने इसे संसदीय परंपराओं और सदन की गरिमा के खिलाफ बताया है।



अनुराग ठाकुर ने अपने नोटिस में कहा कि मामले की पूरी जांच विशेषाधिकार समिति से कराई जाए। उनका कहना है कि समिति यह तय करे कि राहुल गांधी की टिप्पणी से सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन हुआ या नहीं। उन्होंने समिति से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करने का भी आग्रह किया है, ताकि भविष्य में सदन की कार्यवाही के दौरान संसदीय मर्यादा बनी रहे। अनुराग ठाकुर ने तीन पन्नों के नोटिस में लोकसभा अध्यक्ष से इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समिति इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करे और उचित कार्रवाई की सिफारिश करे। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि राहुल गांधी को सदन और गृह मंत्री अमित शाह से बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया जाए। भाजपा सांसद का कहना है कि इस तरह की भाषा संसद की कार्यवाही की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। नोटिस में अनुराग ठाकुर ने कहा कि 29 जुलाई को एंटी-पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुई कथित बातचीत का जिक्र किया। उनका आरोप है कि इस दौरान राहुल गांधी ने लोकसभा के नियम 352 का उल्लंघन किया। नोटिस में कहा गया कि उन्होंने ऐसे आरोप लगाए जो प्रमाणित नहीं थे और जिनसे सदन की गरिमा प्रभावित हुई।

लोकसभा अध्यक्ष के पास नोटिस पहुंचने के बाद अब आगे की प्रक्रिया संसदीय नियमों के अनुसार होगी। अध्यक्ष यह तय करेंगे कि मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा जाए या नहीं। यदि नोटिस स्वीकार होता है तो समिति मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट दे सकती है। फिलहाल इस मुद्दे को लेकर संसद के भीतर राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा

# कीड़े मिलने पर होटल 'बंद' गलत, एफडीए का आदेश रद्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन को कहा,हम भारत में हैं। कोर्ट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया है। स्वच्छता संबंधी मुद्दों को लेकर नवी मुंबई के एक चार सितारा होटल का लाइसेंस निलंबित करने वाले उसके आदेश को रद्द कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रविंद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि एफडीए का निर्णय 2 छोटे कीड़ों की मौजूदगी के आधार पर लिया गया था , जो लाइसेंस के निरंतर निलंबन को उचित नहीं ठहराता है।



### यह था पूरा मामला

कोर्ट ने कहा कि एफडीए ने पार्क इन बाय रेडिसन होटल का भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण लाइसेंस निलंबित कर दिया, जिसमें उसने परिसर के अचानक निरीक्षण के एक दिन बाद स्वच्छता, सफाई, खाद्य भंडारण और खाद्य प्रबंधन प्रथाओं में गंभीर खामियों का हवाला दिया।

## विश्व स्वर्ण परिषद ने जारी की दूसरी तिमाही रिपोर्ट

# मौसमी सुस्ती से भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मौसमी सुस्ती, सीमा शुल्क में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोने की खरीद कम करने की अपील के कारण भारत में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सोने की मांग सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 131.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डब्ल्यूजीसी की वर्ष की दूसरी तिमाही पर आधारित 'क्यू2 2026 गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स' रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि में कुल मांग 139.7 टन थी। डब्ल्यूजीसी के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, हालांकि, मूल्य के लिहाज से मांग रिकॉर्ड स्तर पर रही।

- सीमा शुल्क में वृद्धि व पीएम की अपील का पड़ा असर
- सालाना आधार पर मांग घटकर 131.4 टन रही
- सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपए रहा



### सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी

सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2025 की समान अवधि में यह 1,32,500 करोड़ रुपये था। यह 2025 की दूसरी तिमाही की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है जो दर्शाता है कि ऊंची कीमतों के बावजूद उपभोक्ता सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। आगामी स्थिति पर जैन ने कहा कि डब्ल्यूजीसी का अनुमान है कि समूचे वर्ष के दौरान सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी।

### सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग बढ़ी

जैन ने कहा, '' हमारा मानना है कि तस्करी और अवैध सोने का बाजार में पहुंचना इस उद्योग के लिए सबसे बड़ा जोखिम है और हमें इसके संकेत मिलने लगे हैं। आने वाली तिमाहियों में हम इस पर नजर रखेंगे।'' इस बीच, निवेश मांग उत्साहजनक रही। सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 50.3 टन हो गई जबकि वैश्विक स्तर पर निकासी के बावजूद भारत के गोल्ड ईटीएफ में 4.2 टन का शुद्ध निवेश आया।

### भारत में आभूषणों की मांग 15 फीसदी गिरी

सीईओ ने कहा, '' हमें अब भी इस वर्ष मांग 650 से 750 टन के दायरे में रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को देखते हुए हमारा मानना है कि मांग इस दायरे के मध्य के आसपास रहेगी। यदि सीमा शुल्क कम किया जाता है, तो मांग इस दायरे के ऊपरी स्तर तक पहुंच सकती है।'' समीक्षाधीन तिमाही में भारत में आभूषणों की कुल मांग 15 प्रतिशत घटा।

### पुराना सोना देकर नया सोना लेने की मात्रा घटी

इस बीच, डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में भारत में पुराना सोना देकर सोने का नया सामान लेने की मात्रा 17 प्रतिशत घटकर 19.2 टन रह गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 23.1 टन थी। वर्ष 2026 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में भारत का कुल सोना आयात 98.1 टन रहा जो 2025 की समान अवधि के 127.4 टन की तुलना में 23 प्रतिशत कम है।

### विदेशी मुद्रा बचाने पीएम ने किया था आग्रह

जैन ने कहा, मौसमी सुस्ती, प्रधानमंत्री की सोने की खरीद कम करने की अपील और सीमा शुल्क में वृद्धि सहित अन्य कारणों का मांग पर असर पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष मई में लोगों से अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ती आयात लागत के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए गैर-जरूरी सोना खरीद कम करने और बचत के अन्य विकल्प अपनाने का आग्रह किया था।

# एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर पर खर्च किए 1316 करोड़ रुपये



- पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक
- 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर 1,316.18 करोड़ रुपये खर्च किए। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने बयान में कहा कि उसकी सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के माध्यम से अब तक 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बयान के अनुसार, एचडीएफसी बैंक ने अपने इस कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 7,492 करोड़ रुपये का संचयी निवेश किया है। इसके तहत सीएसआर पहल अब देश के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच चुकी हैं। बैंक के प्रमुख 'समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम' (एचआरडीपी) का दायरा बढ़कर देश के 11,000 से अधिक गांवों तक पहुंच गया है, जबकि एक वर्ष पहले यह 10,430 से अधिक गांवों में संचालित था। जल संरक्षण, कृषि, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए यह कार्यक्रम ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण परिवेश को भी मजबूत कर रहा है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 34% बढ़ा

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 5,455 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी ने 4,083 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। एमएंडएम ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका राजस्व 28 प्रतिशत बढ़कर 58,188 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 45,529 करोड़ रुपये था।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sagar Sharma, Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Tek Chand
Vs.
Ashok Kumar
Sult for Declaration by way of Possession with Mandatory Injunction and Permanent Injunction
Civil Suit No. 358 of 2021
CNR No. HRSOA0-000411-2021
Next Date:- 29-09-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
3 Reliance Jio Thfratel Pvt. Ltd. Corporate Office Delhi NCR Circle, DLF Cyber City, DLF Phase2, Sector-24, Gurugram Haryana 122022 its Director.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 29-09-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_noticed district-Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 29-07-2026

**सार्वजनिक सूचना**
**संबंधित सभी लोगों के लिए**
**बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड** (BCIBL) ने अपना गाज़ियाबाद ऑफिस (जो प्लॉट नंबर 12 C/506, पहली मंज़िल, भट्ट टॉवर, सेक्टर 12, वसुंधरा, गाज़ियाबाद, UP - 201012 पर स्थित था) नई दिल्ली में शिफ्ट कर दिया है। अब सभी सेवाएँ BCIBL, 5वीं मंज़िल, बजाज हाउस, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019 से दी जाएँगी। किसी भी जानकारी के लिए हमारी सेंट्रलाइज्ड कस्टमर सर्विस टीम से टोल-फ्री नंबर 7678123123 पर सोमवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच संपर्क करें।
**नोट:-** बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड का कर्मचारी होने का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी कारण से नकद भुगतान न करें।
(BCIBL) एक IRDAI लाइसेंस प्राप्त कम्पोजिट ब्रोकर है, जिसके पास लाइसेंस नंबर 241 है। यह लाइसेंस 09/01/2025 को जारी किया गया था और 08/01/2028 तक मान्य है (मूल रूप से 09/01/2004 को लाइसेंस मिला था और बाद में इसे रिन्यू किया गया था)।

## एचसीएल टेक की रोशनी नाडर बनीं देश की सबसे अमीर महिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एचसीएलटेक की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा संपत्ति सृजन के मामले में सबसे आगे हैं। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रिया नायर ने 'पेशेवर सीईओ' श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया जो 5,06,600 करोड़ रुपये मूल्य वाली कंपनी का नेतृत्व कर रही हैं। 'कैंडेयर हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची' में यह कहा गया है। इस साल की सूची में 117 महिलाओं को शामिल किया गया है, जबकि 2025 में यह संख्या 97 थी। इस तरह सूची में शामिल महिलाओं की संख्या में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल नौ श्रेणियों वाली इस सूची का दायरा बढ़ाकर 2026 में 12 श्रेणियों तक कर दिया गया है, ताकि महिला नेतृत्व के व्यापक स्वरूप को शामिल किया जा सके।

## 'मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त प्रमाणित, गुणवत्ता पर लगी मुहर'

**नागपुर।** स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मशरूम-एड सूप पाउडर को महाराष्ट्र राज्य के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की अधिकृत प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में स्टेरॉयड-मुक्त पाया गया है। यह परीक्षण रिपोर्ट उत्पाद की गुणवत्ता, शुद्धता एवं उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत आधार प्रदान करती है। कंपनी के अनुसार, मशरूम-एड सूप पाउडर प्राकृतिक औषधीय मशरूम तथा चयनित आयुर्वेदिक एवं हर्बल घटकों से तैयार किया गया एक फूड सप्लीमेंट है। प्रयोगशाला जांच में इसमें किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड की उपस्थिति नहीं पाई गई, जिससे उपभोक्ताओं, विक्रेताओं और वितरकों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि मशरूम-एड सूप पाउडर हाई प्रोटीन, हाई फाइबर, और विटामिन्स व मिनरल्स का एक अच्छा स्त्रोत है और इसमें उपयोग होने वाला ओएस्टर मशरुम प्राकृतिक पोषक तत्वों, एंटीऑक्सीडेंट्स तथा जैव-सक्रिय घटकों से समृद्ध होते हैं। संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के साथ इनका सेवन सामान्य प्रतिरक्षा (इम्युनिटी), ऊर्जा तथा समग्र स्वास्थ्य को सहयोग प्रदान कर सकता है।




## विदेशी पूंजी के प्रवाह से सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी पूंजी के प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा एनएसई निफ्टी में 67 अंक का लाभ रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 273.55 अंक की बढ़त के साथ 77,928.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 566.18 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी भी 66.95 अंक बढ़कर 24,317.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे।

## सोना 1,000 मजबूत, चांदी 600 रुपये टूटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इसकी वजह वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के बीच आभूषण और फुटकर विक्रेताओं की ओर से ताजा लिवाली है। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की मांग बढ़ने से घरेलू सोने की कीमतें थोड़ी बढ़ीं; हालांकि, रुपया मजबूत होने से कीमतों में और बढ़ोतरी सीमित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की हालिया नीतिगत घोषणा के बाद डॉलर में गिरावट के बीच इस कीमती धातु की मांग बढ़ने से बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।'' उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के बाद डॉलर इंडेक्स 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,071.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था और चांदी एक प्रतिशत बढ़कर 58.25 डॉलर प्रति औंस हो गई। कोटक नियो (पहले कोटक सिक्योरिटीज) में जिंस शोध विभाग की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा, ''हाजिर सोना 4,060 डॉलर प्रति औंस और चांदी 57.5 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बनी हुई है।

**GLOBAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT**
5 KM MILESTONE, KHEDA KHURAMPUR, FARRUKHNAGAR, GURUGRAM-122506
Website: www.gitmgurgaon.com Email: info@gitmgurgaon.com Tel. 8053980002
(Approved by AICTE & Affiliated to Gurugram University, Gurugram)
**Admission to EWS Category & TFW Category**
Applications are invited from the eligible candidates for admission against vacant seats in B.Tech. (CSE, AI&DS, AI&ML, ME, Civil & ECE) & B.Tech. – Lateral Entry (CSE, AI&DS, ME, Civil & ECE) under Economically Weaker Section (EWS) and Tuition Fees Waiver (TFW) categories for the year 2026-27 as per AICTE/HSTES/University guidelines.
Admission under above mentioned categories will be made strictly on the merit basis. Application form to fill the seats for above categories is available on Institute website. For more information and latest updates, candidates are advised to visit college websites regularly.
Last date for the submission of filled application with all required documents in the Institute is 7th August, 2026 till 1:00 PM. Merit list will be displayed on 7th August, 2026 at 5:00 PM. Counseling will be on 8th August, 2026 in campus from 10 AM onwards.
**Chairman**

## सेबी वैकल्पिक निवेश कोष योजनाएं करेगी जल्द पेश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की योजनाओं को जल्द और आसान तरीके से शुरू करने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत सरल और तेज मंजूरी वाली व्यवस्था 'गरुड़' को लेकर परिचालन रूपरेखा जारी की गयी है। सेबी (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियमन, 2012 में इस महीने की शुरुआत में किए गए संशोधनों के बाद 'ग्रीन-चैनलः दस्तावेज प्राप्ति की पुष्टि के बाद एआईएफ योजनाओं की शुरुआत (गरुड़)' व्यवस्था पेश की गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि संशोधित रूपरेखा के तहत नियमित योजनाएं शुरू करने वाले एआईएफ, जब तक कि नियामक की ओर से कोई अन्य निर्देश न दिया जाए। पंजीकृत मर्चेंट बैंकर के माध्यम से सेबी के पास नियोजन ज्ञापन (पीपीएम) दाखिल करने के 10 कामकाजी दिन बाद योजना शुरू कर सकते हैं। पहली बार शुरू की जा रही योजनाओं के मामले में पेश सेबी पंजीकरण की तारीख से या आवेदन दाखिल करने के 10 कामकाजी दिनों की अवधि पूरी होने के बाद, जो भी बाद में हो, शुरू किया जा सकेगा। नियामक ने केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों वाले कोष, अधिक मूल्य के कोष और एंजल फंड के लिए भी प्रक्रिया को सरल बनाया है।

## परेश राणपरा ने एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** परेश राणपरा ने 30 जुलाई 2026 को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित नवरत्न उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। एनएचपीसी में निदेशक (कार्मिक) के रूप में नियुक्ति से पहले, राणपरा ग्रिड-इंडिया में निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन, प्रतिभा विकास, संगठनात्मक क्षमता निर्माण और कार्यबल योजना के क्षेत्रों में कार्यनीतिक नेतृत्व प्रदान करने संबंधी उत्तरदायित्वों का सफल निर्वहन किया। राणपरा, विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक और निजी संगठनों में 31 वर्षों से अधिक के समृद्ध अनुभव के साथ कुशल मानव संसाधन पेशेवर हैं। उन्होंने महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा से सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यू) और सरदार पटेल विश्वविद्यालय से व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (बीबीए) की डिग्री प्राप्त की है। वह एक्सएलआरआई, जमशेदपुर से प्रमाणित मूल्यांकनकर्ता भी हैं। ग्रिड-इंडिया में, पदस्थ रहते हुए राणपरा ने प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी करते हुए क्षमता निर्माण अवसंरचना को सुदृढ़ करके अधिगम एवं विकास पर कार्यनीतिक रूप से जोर दिया। दीर्घकालिक नेतृत्व निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, राणपरा ने योग्यता अवसंरचना पर आधारित उत्तराधिकार योजना पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
क्रमांक / लो.क.वि./2026/940 रिसाली दिनाँक 28/07/26
नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 22 मैत्री कुंज, वार्ड क्र. 23 एवं डुण्डेरा में जल आपूर्ति हेतु ओवर हैड टैंक का निर्माण कार्य। | 196260 | 299.82 | 18.08.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन डी.डी, धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)
उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ:** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन:** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रुपया नौ पैसे मजबूत 95.67 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच रुपया बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से इसकी तेजी सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.59 पर खुला।

## रेल संचालन व रेलवे अंडरपास में जलभराव रोकने को उत्तर पश्चिम रेलवे ने किए विशेष प्रबंध




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे ट्रैक पर पानी आने वाले स्थानों पर विशेष निगरानी व चिन्हित रेलवे अंडरपास पर विशेष व्यवस्थाएं मानसून में भारी बारिश को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा संरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए गए है साथ ही रेलवे अंडरपास में जलभराव को देखते हुए चिन्हित किए गए अंडरपास में विशेष व्यवस्थाएं की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार मानसून में भारी बारिश को देखते हुए संरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए है। पूर्व वर्षों के अनुमान के आधार पर जिन रेलखण्डों में अत्यधिक बारिश की संभावना होती है ऐसे स्थानों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। बारिश की अधिकता वाले स्थानों पर ट्रैक के कटाव की स्थिति से निपटने के लिए मिट्टी के कट्टे, रोड़ी इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है ताकि भारी बारिश के कारण ट्रैक के नीचे मिट्टी के कटाव होने पर तुरंत ठीक कर रेल संचालन को सुचारू किया जा सकें। मानसून के समय भारी बारिश के कारण रेलवे अंडरपासों में भी पानी भर जाता है जिससे सड़क उपयोगकर्ताओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। रेलवे द्वारा अडंरपास में पानी भरने की समस्याओं से निपटने और सुगम आवागमन के लिए पानी भरने वाले चिन्हित अंडरपासों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। चिन्हित अंडरपासों की 24 x 7 नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक | 2026_HBC_533552_1 | 1. पात्रता और मानदंड संशोधित किए गए। 2. तिथि 07.08.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 10.08.2026 पूर्वा. 11:30 बजे। | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47682/I/88/7 दि. 30.07.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | एनआईटी सं. 03/आरजीटीपीपी/सीएचपी/एफ-473/2026-27 दिनांक 27.07.2026. 2×600 एमडब्ल्यू आरजीटीपीपी, एचपीजीसीएल, खेदड़, हिसार में 2400 टीपीएच ऑटोमेटेड कोल हैंडलिंग संयंत्र के प्रचालन और रखरखाव हेतु वार्षिक संचालन अनुबंध। | 27.07.2026 25.08.2026 | 62.93 करोड़ जीएसटी समेत | https://etenders.hry.nic.in | 8222023835 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47686/I/88/7 दि. 30.07.26

## शब्द पहेली - 6303




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6302 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | य | ■ | वी | ■ | रं | ■ | ■ | शै |
| र | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ज | वा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |



# राष्ट्रमंडल खेल : नीरज, रोहित और यशवीर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में

एजेंसी ⏭ ग्लास्गो

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। चोपड़ा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा। प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रोअर रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे।



### श्रीलंका के रूमेश प्रथम व ग्रेनाडा के पीटर्स द्वितीय

इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पिछले चरण के रजत पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज ने अपनाई संयमित रणनीति

हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई। पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया।

### 84 मीटर के मानक को कोई नहीं कर सका पार

बता दें कि 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया। केवल चार प्रतिभागी ही 80 मीटर दूर भाला फेंक पाए। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था।


### यशवीर और रोहित का शानदार रहा प्रदर्शन

यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया।






# भारोत्तोलक में मार्टिना पांचवें स्थान पर रहीं



### 144 किग्रा और फिर 146 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं

एजेंसी ⏭ ग्लास्गो

भारतीय भारोत्तोलक मार्टिना देवी मेबाम बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की महिला की 86 किग्रा से अधिक भारवर्ग स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। मार्टिना ने स्नैच में 105 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 140 किग्रा सहित कुल 245 किग्रा भार उठाया। उन्होंने स्नैच स्पर्धा में शुरुआती दबाव के बावजूद वापसी की। भारतीय खिलाड़ी अपने शुरुआती दो प्रयासों में 103 किग्रा वजन उठाने में असफल रहीं लेकिन तीसरे और अंतिम प्रयास में 105 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाकर मुकाबले में बनी रहीं। क्लीन एवं जर्क में मार्टिना ने पहले प्रयास में 140 किग्रा भार सफलतापूर्वक उठाया लेकिन इसके बाद अपने अंतिम दो प्रयास में 144 किग्रा और फिर 146 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं।

## पैरा साइकिलिस्ट: लिशा 4000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग में अंतिम स्थान पर रही

**ग्लास्गो।** भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी4-सी5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। भारतीय दल की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की एकमात्र पैरा-ट्रैक साइकिलिस्ट 16 वर्षीय इस खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में 6:58.000 का समय निकाला, जिसमें उनकी औसत गति 34.450 किमी प्रति घंटा रही। ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली।

पुरुष लॉन बॉल्स पेयर

## टाई-ब्रेकर में बोत्सवाना को हराकर दर्ज की जीत

**ग्लास्गो।** भारतीय पुरुष लॉन बॉल्स जोड़ी नवनीत सिंह और दिनेश कुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल खेलों के सेक्शन बी के राउंड तीन के दूसरे मैच में बोत्सवाना को टाई-ब्रेकर में हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पहला सेट 9-2 से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी आसान जीत की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन बोत्सवाना ने जोरदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 4-3 से अपने नाम कर लिया और मुकाबले को टाई-ब्रेकर तक पहुंचा दिया। हालांकि निर्णायक टाई-ब्रेकर में नवनीत और दिनेश ने धैर्य बनाए रखा और दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ उन्होंने प्रतियोगिता में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। 'लीड' नवनीत और 'स्किप' दिनेश ने पहले सेट में बेहतरीन तालमेल और सटीकता दिखाई। बोत्सवाना के कैजर गेचे और चार्ल्स डिटेको निरंतरता हासिल करने में संघर्ष करते रहे जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार सटीक गेंदें डालकर शुरुआती बढ़त बना ली। भारत ने पहले 'एंड' में एक अंक हासिल कर खाता खोला और इसके बाद मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप

## भारत का दबदबा, पुरुष और महिला टीम ने जीते खिताब

**नई दिल्ली।** भारत ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों टीम वर्गों के खिताब अपने नाम कर लिए। मानुष शाह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष टीम ने बृहस्पतिवार को खेले गए फाइनल में मलेशिया को 3-2 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर त्यागराज स्टेडियम में खिताब अपने नाम किया। पुरुष टीम का फाइनल काफी चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि लीग चरण में भारत को मलेशिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने अपनी टीम में हरमीत देसाई को शामिल नहीं किया, जबकि मलेशिया ने तीसरे मुकाबले के लिए अपने दूसरे खिलाड़ी को उतारा। चौथे मैच में मानव ठक्कर ने बाएं हाथ के खिलाड़ी की शेन वोंग के खिलाफ 2-0 की बढ़त बना ली। लेकिन विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर मौजूद मलेशियाई खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर 41 मानव को 2-3 से हरा दिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद खिताब का फैसला पांचवें और अंतिम मैच में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह के प्रदर्शन पर निर्भर था जिन्होंने निर्णायक मुकाबले में जैवेन चोंग के खिलाफ शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा।

## खबर संक्षेप



### पुरूष टीम सेमीफाइनल में, महिला टीम बाहर

**ओंटारियो।** पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई। लेकिन चार्लोट जे ने भारत की रूद्रा सिंह को हराया और अनिका दुबे को लिली बूरेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

### रूट फिर बने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को फिर से टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद बोर्ड ने रूट को ये जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ-साथ ईसीबी ने स्टीफन फ्लेमिंग को अपनी टेस्ट टीम का नया कोच बनाया है। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने के लिए तैयार हैं। ईसीबी ने गुरुवार 30 जुलाई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ईसीबी ने कहा कि फ्लेमिंग का कोचिंग अनुभव टीम के काम आएगा। बोर्ड ने अपने बयान में कहा, फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेट कोच में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका 18 साल का जुड़ाव रहा है। एक खिलाड़ी के तौर पर 111 मैचों के करियर में वे न्यूजीलैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। बतौर खिलाड़ी फ्लेमिंग न्यूजीलैंड के सबसे लंबे समय तक (80 टेस्ट) और सबसे सफल (28 जीत) टेस्ट कप्तान रहे।

# अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कभी टेस्ट नहीं हारी भारतीय टीम, शानदार रहा उनका नेतृत्व

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आखिरकार अजिंक्य रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले ही लिया। लगभग डेढ़ दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रहाणे ने 2023 में अपना आखिरी मैच खेला।

अपने शानदार टेस्ट करियर में उन्होंने 38.46 की औसत के साथ 5,077 रन बनाए थे। उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी भी की। दिलचस्प रूप से रहाणे के नेतृत्व में भारतीय टीम कभी मैच नहीं हारी। उनकी कप्तानी में टीम के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### रहाणे की कप्तानी में भारत ने जीते 4 टेस्ट

रहाणे ने पहली बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कप्तानी की थी, जो भारत ने 8 विकेट से जीता था। कोहली की गैरमौजूदगी में रहाणे को कप्तानी का मौका मिला था। 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम पारी और 262 रन से जीती थी। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट में टीम जीती, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ (कानपुर) टेस्ट में भी भारतीय टीम जीती थी।

### बतौर कप्तान बल्लेबाजी

रहाणे ने कप्तानी करते हुए 11 पारियों में 39.88 की औसत के साथ 359 रन बनाए थे। उन्होंने एक शतक भी लगाया था। भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए रहाणे ने अपना इकलौता शतक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में लगाया था और टीम को जीत दिलाई थी।



### इन कप्तानों की सूची में शामिल हुए रहाणे

भारत के 38 टेस्ट कप्तानों में से सिर्फ 4 ही ऐसे हैं जो कभी हारे नहीं। इनमें क्रिस श्रीकांत शामिल हैं, जिन्होंने भारत की कप्तानी 4 टेस्ट मैचों में की और एक भी मैच नहीं हारे। साथ ही हेमू अधिकारी और रवि शास्त्री भी हैं, जिन्होंने एक-एक बार टीम की कप्तानी की और कोई मैच नहीं हारे। रहाणे इनमें इकलौते ऐसे कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारत ने विदेश में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती है।

### शानदार रहा था रहाणे का अंतरराष्ट्रीय करियर

रहाणे ने भारत की ओर से जुलाई 2023 में अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट की 144 पारियों में 38.46 की औसत से 5,077 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 90 वनडे में 35.26 की औसत के साथ 2,962 रन बनाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 20 पारियों में 20.83 की औसत के साथ 375 रन बनाए थे।

पाकिस्तान को हराया

# वेस्टइंडीज की जीत के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में 90 रन से शिकस्त मिली। जीत के लिए मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 120 रन पर ही सिमट गई। ब्रायन लारा स्टेडियम में हुए मैच का परिणाम चौथे दिन पर निकल गया। वेस्टइंडीज को जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा पहुंचा है।

### पाकिस्तान तालिका में आखिरी स्थान पर पहुंची

वेस्टइंडीज ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अपनी सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की है। कैरेबियाई टीम ने इस चक्र में अब तक 7 मैचों में हार (ड्रॉ-2) झेली है। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम 22.73 प्रतिशत अंको के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ पाकिस्तान की यह चौथी हार है। मौजूदा चक्र में सिर्फ एक जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तानी टीम आखिरी 9वें स्थान पर पहुंच गई है।

### ऐसी है भारत की स्थिति

भारतीय टीम 48.15 प्रतिशत अंक के साथ 5वें स्थान पर मौजूद है। इस चक्र में भारत ने 4 मैच जीते हैं और इतने ही मैचों में हार झेली है। इसके अलावा एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत से ऊपर बांग्लादेश की टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत से नीचे श्रीलंका छठे और इंग्लैंड सातवें स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम ने एक मैच जीता है और एक ड्रॉ खेला है, जबकि इंग्लैंड ने 4 मैच जीते (हार- 8) हुए हैं।

### अन्य टीमों की स्थिति

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 87.50 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है। कंगारू टीम ने इस चक्र में 7 टेस्ट जीते हैं और एक में हार झेली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 75.00 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रोटियाज टीम ने 3 मैच जीते हैं और एक में हार का सामना किया है। न्यूजीलैंड की टीम 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। कीवी टीम ने 4 मैच जीते हैं और 1 में हार झेली है।

## डूरंड कप : एफसी रेंगदाई ने इंडियन नेवी को 1-0 से हराया

**इंफाल।** एफसी रेंगदाई ने बृहस्पतिवार को अपने पहले ही डूरंड कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चरण के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को ग्रुप डी मुकाबले में 1-0 से हरा दिया। एफसी रेंगदाई की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी खैदेम अमरजीत सिंह ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह डूरंड कप में एफसी रेंगदाई का पहला गोल भी था और इसी के दम पर टीम ने यादगार जीत दर्ज की।

## पैरा साइकिलिस्ट लिशा परसूट क्वालीफाइंग में ही हुईं बाहर

एजेंसी ⏭ ग्लास्गो



भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी 4 - सी 5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

### ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड की खिलाड़ी रहीं अव्वल

ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली। न्यूजीलैंड की निकोल मरे (5:06.878) और ऑस्ट्रेलिया की एरिन नॉर्मेयल (5:24.264) कांस्य पदक के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया।

## गुरुग्राम की निकिता ने जीता रजत कामना और गरिमा को कांस्य पदक

अंडर-17 विश्व कुश्ती

भाषा ⏭ बाकू

भारतीय पहलवान निकिता सहरावत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि कामना बाबल और गरिमा ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। निकिता ने 57 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता एपेनेसा एलिसन से हुआ। निकिता ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन उन्हें 0-6 से हार का सामना और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कामना ने 49 किग्रा वर्ग में जापान की सायका उचिदा से सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में रूस की इरीना त्सिदेयेवा को 3-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। गरिमा ने 73 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के मुकाबले में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अमेरिका की कैली मैनुअल से सेमीफाइनल में 5-7 से करीबी हार झेलने के बाद पूर्व अंडर-15 एशियाई चैंपियन गरिमा ने वापसी करते हुए स्पेन की पाउला बेनाइक्सा पेरेज को तकनीकी दक्षता के आधार पर हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

नीले से केसरिया रंग पर हॉकी इंडिया ने दिया जवाब

# नीली जर्सी, नीला पिच, होती थी परेशानी, इसलिए केसरिया रंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने हॉकी विश्व कप 2026 के लिए हाल ही में भारतीय हॉकी टीम की नई जर्सी जारी की, जो कि केसरिया रंग की है। अब तक नीले रंग की जर्सी भारतीय टीम की पहचान रही है और नई केसरिया जर्सी की प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर खूब आलोचना की।

पूर्व भारतीय कप्तान विरेन रास्क्विन्हा ने भी जर्सी के रंग बदलने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अब हॉकी इंडिया से इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



### एक जैसा रंग होने से खिलाड़ियों को दिक्कत


आलोचना का जवाब देते हुए हॉकी इंडिया ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ के साथ बातचीत करने के बाद लिया गया था। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, मुख्य वजह तकनीकी थी। नीले रंग की प्लेइंग यूनिफॉर्म, नीली सिंथेटिक प्लेइंग सतह के साथ घुल-मिल जाती थी। नीली रंग की सतह अब इंटरनेशनल हॉकी पिचों का आदर्श रंग है। इस तरह एक जैसा रंग होने से खिलाड़ियों को मैदान पर देखने में दिक्कत होती थी।

### केसरिया रंग का है देश के लिए महत्व- हॉकी इंडिया

हॉकी इंडिया ने आगे कहा, इन बातों को ध्यान में रखते हुए, कोच और खिलाड़ियों ने पीले या केसरिया जैसे वैकल्पिक रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह से विचार करने के बाद केसरिया रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के अलावा केसरिया रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

### पीली जर्सी भी पहन चुकी है टीम इंडिया : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 2014 विश्व कप में टीम ने पीली जर्सी पहनी थी। जर्सी को लेकर यह बहस ऐसे समय में हो रही है जब भारत 2026 एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारियों के अहम पड़ाव पर है।कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में एफआईएच प्रो लीग के आखिरी दौर में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारत अपनी पूरी मजबूत टीम के साथ विश्व कप में उतरेगा।



# नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की जानकारी दी मांडविया ने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे जनभागीदारी आंदोलन का शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2047 तक 'नशा मुक्त भारत' और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार 2 अगस्त से देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार, 2 अगस्त को इस महत्वाकांक्षी अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि 100 सप्ताह तक चलने वाला जनभागीदारी आधारित राष्ट्रीय आंदोलन होगा, जिसमें देशभर के एक करोड़ से अधिक युवा एक साथ नशामुक्ति की शपथ लेंगे। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश के युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि



भारत को विकसित राष्ट्र बनना है तो उसके नागरिकों का स्वस्थ होना अनिवार्य है। "स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला होता है," उन्होंने कहा। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से माय भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), कॉलेज, विश्वविद्यालय, युवा क्लब, गैर सरकारी संगठन, उद्योग जगत तथा 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठन एक साझा मंच पर आकर नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएंगे। सरकार के अनुसार, अभियान की शुरुआत के दिन देशभर में लगभग 10,000 स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां एक करोड़ से अधिक युवा 'नशा मुक्ति संकल्प' लेंगे। युवाओं को केवल स्वयं नशे से दूर रहने की शपथ नहीं दिलाई जाएगी, बल्कि उन्हें अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करने का दायित्व दिया जाएगा।

**100 सप्ताह तक हर रविवार चलेगा अभियानः** यह अभियान एक दिन का आयोजन नहीं होगा। अगले 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार देशभर में खेल प्रतियोगिताएं, वॉकाथॉन, साइक्लोथॉन, योग एवं ध्यान शिविर, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यालयों और महाविद्यालयों में संवाद, सोशल मीडिया जागरूकता अभियान तथा सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उद्देश्य यह है कि नशामुक्ति को सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों और संस्थाओं को 50वें, 75वें और 100वें सप्ताह पर सम्मानित भी किया जाएगा।

**'माय भारत' निभाएगा केंद्रीय भूमिका :** युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत स्थापित माय भारत (मेरा युवा भारत) इस अभियान का प्रमुख क्रियान्वयन मंच होगा। सरकार का लक्ष्य है कि देश के प्रत्येक जिले, कॉलेज, विश्वविद्यालय और गांव तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचे तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जाए। सरकार का मानना है कि नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी लड़ाई युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही जीती जा सकती है। डॉ. मंडाविया ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश की उत्पादक क्षमता को भी प्रभावित करता है। इसलिए यह अभियान स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, आध्यात्मिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ते हुए 'जनभागीदारी से जनआंदोलन' का रूप लेगा। उनका कहना था कि विकसित भारत-2047 का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशामुक्त, स्वस्थ, शिक्षित और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित होगा।

चीन-भारत के बीच बढ़ेंगे संबंध

## कल से खुलेगा बार्टर ट्रेड, खच्चरों से होगी माल ढुलाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला दर्रे से होकर परंपरागत बार्टर-ट्रेड ( सामान के बदले सामान ) रूट 1 अगस्त से फिर से खुलने वाला है। भारत-चीन सीमा पर 3,930 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह व्यापार मार्ग पिछले 6 वर्षों से बंद पड़ा है। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास स्थित यह क्षेत्र भारत और तिब्बत के बीच परंपरागत व्यापार मार्ग रहा है। पहले यह मार्ग इस साल 1 जून से ही खुलने वाला था, लेकिन इमिग्रेशन से जुड़ी औपचारिकताओं की वजह से इसमें दो महीने की देरी हो रही है। भारत के व्यापारी वास्तविक नियंत्रण रेखा तक माल को वाहनों से ले जा सकेंगे। इसके बाद अंदर के दो किलोमीटर तक उन सामानों को खच्चरों पर लाद कर ले जाना होगा और तय स्थान पर ही चीनी व्यापारियों से बार्टर-ट्रेड कर सकेंगे।

**खबर संक्षेप**

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 8 की मौत

**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से



कम 8 नागरिकों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के कई इलाकों में हुआ, जिनमें पोलैंड सीमा के पास के क्षेत्र भी शामिल हैं। हमले के बाद पोलैंड ने जांच शुरू की कि क्या रूस की एक क्रूज मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने कम से कम 10 क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे दर्जनों घर, कारोबारी प्रतिष्ठान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

### ऑस्ट्रेलिया ने भी दिखाई टेलीग्राम पर सख्ती

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े वीडियो और




पोस्ट को न हटाने के मामले को लेकर कानूनी मोर्चा खोल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट रेगुलेटर (ई-कमिश्नर) ने टेलीग्राम पर आरोप लगाया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म से 'आतंकवाद का समर्थन' करने वाले पोस्ट और वीडियो हटाने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। रेगुलेटर के मुताबिक, इस लापरवाही के लिए कंपनी पर 54.6 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा सकता है।

### ऑल्टमैन बोले- एआई को धीमा करना होगा

**वॉशिंगटन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े बढ़ते साइबर जोखिमों और स्वायत्त सिस्टम



की क्षमताओं को देखते हुए ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने पहली बार स्वीकार किया है कि भविष्य में एआई के विकास की गति को नियंत्रित करना जरूरी हो सकता है, ताकि समाज इस तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से तालमेल बिठा सके। बताया गया है कि ओपनएआई और एंथ्रोपिक के 1,100 से अधिक कर्मचारियों ने पेसिंग द फ्रंटीयर नाम की एक याचिका का समर्थन किया है।

नौकायन पोत त्रिवेणी से समुद्र परिक्रमा कर लौटीं महिला अधिकारियों को सम्मानित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# पुरुष ही नहीं महिलाएं भी कठिन सैन्य अभियानों को अंजाम दे सकती हैं: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नौकायन पोत 'आईएएसवी त्रिवेणी' के जरिए सफलतापूर्वक समुद्र परिक्रमा कर वापसी लौटीं तीनों सशस्त्र सेनाओं की पहली पूर्ण महिला अधिकारियों की टीम से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया है। 'समुद्र प्रदक्षिणा' नामक इस अभियान में कुल 9 महिलाएं शामिल थीं और इसकी शुरुआत पिछले साल 11 सितंबर 2025 को मुंबई से हुई। जबकि समापन इस साल 22 जुलाई 2026 को टीम की स्वदेश वापसी के साथ हुआ है। जिसमें कुल 314 दिनों की लंबी अवधि में महिलाओं ने दुनिया के चार महासागरों से होते हुए 25 हजार 500 समुद्री मील की दूरी तय की। पूर्व में रक्षा मंत्री ने पोत की भारत वापसी पर टीम का वर्चुअल रूप से स्वागत भी किया था। वहीं, आज के संवाद समारोह के दौरान सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, उप-वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर मौजूद रहे।

> यात्रा की शुरुआत 11 सितंबर 2025 को मुंबई से हुई और समापन 22 जुलाई 2026 को हुआ।

### देश की हर बेटी दुनिया फतेह करेगी

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान से जुड़ी महिला अधिकारियों की क्षमता और आत्मविश्वास अविश्वसनीय है।



जिसने उन तमाम रूढ़ियों को तोड़ दिया है। जिनमें यह कहा जाता था कि कठिन सैन्य अभियान महिलाओं के बूते की बात नहीं हैं। जबकि इसके उलट आपने यह साबित कर दिया है कि शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता महिला-पुरुष भेद से परे है। अब आप सभी को देखकर देश की प्रत्येक बेटी यह विश्वास कर सकती है कि वह भी समुद्र पार कर दुनिया को जीत सकती है। राजनाथ ने टीम के साहस और दृढ़ संकल्प की भी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि यह अभियान नारी शक्ति का प्रमाण है और तीनों सेनाओं के तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। जो हर भारतीय को प्रेरित करेगा।

### एकजुटता से कोई लक्ष्य असंभव नहीं

उन्होंने कहा कि यह अभियान सेना, वायुसेना और नौसेना की एकता को बेहद शानदार अंदाज में प्रस्तुत करता है। सभी एक ही ध्वज तले एक साथ इस अभियान पर रवाना हुए थे। जो इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि अगर हम साथ मिलकर आगे बढ़ें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इसमें भी आप सभी के दृढ़ विश्वास और संकल्प का खासा योगदान रहा है।

### दुनिया तक पहुंचाया संदेश

राजनाथ सिंह के मुताबिक, टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी इस यात्रा के दौरान पड़ने वाले देशों में भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्वदेशी क्षमताओं और तकनीकी प्रगति को बखूबी प्रदर्शित किया है। जिसके जरिए दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है।

### पूरे किए वैश्विक मानदंड

समुद्र प्रदक्षिणा के दौरान महिला अधिकारियों ने देशांतर की सभी रेखाओं को पार किया। इसके अलावा भूमध्य रेखा को दो बार, अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा को पार कर तीन महान केपों (केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप) का चक्कर लगाया और विश्व भ्रमण के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सभी मानदंडों को सफलता के साथ पूरा किया है। इतना ही नहीं टीम ने दुर्गम ड्रैक पैसेज को भी सफलता के साथ पार कर केप हॉर्न का चक्कर लगाने से केप हॉर्नर्स के प्रतिष्ठित समुदाय की सदस्यता मिली है। आमतौर पर यह सम्मान उन नाविकों के लिए होता है। जो दुनिया के सबसे कठिन समुद्री मार्गों को पार करते हैं।

सुरक्षा चुनौतियों के दौर में बढ़ेगी बल की युद्धक क्षमता

## नौसेना को मिला दूसरा गोताखोरी में सहयोग देने वाला जहाज 'निपुण'



◀ आपात परिस्थिति में फंसी हुई पनडुब्बी में सवार कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालने में सक्षम है यह पोत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने गुरुवार को स्वदेश में निर्मित गोताखोरी में सहयोग प्रदान करने वाला जहाज 'निपुण' नौसेना को सौंप दिया है। विशाखापट्टनम में आयोजित किए गए एक समारोह में इसे समुद्री बल को प्रदान किया गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, जहाज का डिजाइन सहित निर्माण भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के तहत किया गया है। निपुण नाम दरअसल संस्कृत भाषा से लिया गया है। जिसका अर्थ, किसी विशेष क्षेत्र या विधा में दक्ष, सक्षम और पारंगत व्यक्ति होता है। जहाज का मूल कार्य गहरे समुद्र में गोताखोरी के कार्य के अलावा समुद्र में बचाव अभियान का संचालन करना है।

### जहाज में लगाई गई 75% सामग्री

निपुण में कुल 75% स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जो कि केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को और अधिक मजबूती के साथ साकार करने की दिशा में उठाए गए एक मजबूत कदम के समान है। गहरे समुद्र में किसी भी अभियान का संचालन करने के लिए जहाज में अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरण लगाए गए हैं। इसके अलावा इसमें एक अतिरिक्त डाइविंग स्टेज भी मौजूद है।

परिचालन क्षमता की बात करें तो उसमें बढ़ोतरी करने के लिए निपुण में रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स (आरओवी) का मुख्य काम यह होगा कि यह गोताखोरों की निगरानी-बचाव, मलबा निकालने से संबंधित अभियानों में सहायता प्रदान कर इसकी क्षमता को और अधिक बढ़ा देंगे।

### पनडुब्बी को भी मिलेगी सहायता

निपुण, डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) के लिए मुख्य जहाज यानी मदर शिप की भूमिका निभाने में भी सक्षम है। डीएसआरवी सहायता यानी आपात परिस्थिति में पनडुब्बी में सवार कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालने में भी यह जहाज मददगार साबित होगा।

# ऐसी तकनीक किस काम की, जिसे बाकी देश पहले ही हासिल कर उससे आगे बढ़ चुके हों

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच अपनी बेबाक टिप्पणियों



■ एसआईडीएम द्वारा राजधानी में आयोजित की गई एक कार्यशाला में वायुसेनाप्रमुख ए.पी. सिंह की दो टूक टिप्पणी

के लिए जाने-जाने वाले वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने एक बार फिर से अपने इसी चिर परिचित अंदाज में गुरुवार को कहा कि 'प्रौद्योगिकी में देरी का अर्थ उससे वंचित हो जाना है।

ऐसी तकनीक से कोई फायदा नहीं है। जो तब उपलब्ध हो, जब दुनिया के बाकी देश उसे पहले ही हासिल कर उससे आगे बढ़ चुके हों। उनके अनुसार, सिर्फ प्रयोगशाला में तकनीक विकसित कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। अगर ये तकनीक प्रयोगशाला की दहलीज पार कर व्यावहारिक उपयोग के साथ-साथ उत्पादन के चरण तक नहीं पहुंचती है। तो उसका कोई वास्तविक लाभ नहीं है'।

यह बातें वायुसेनाप्रमुख ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) द्वारा यहां राजधानी में आयोजित की गई एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और उसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास में भारत को और अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने पर भी जोर दिया है।

**तेजस की डिलीवरी पर जता चुके नाराजगीः** गौरतलब है कि पूर्व में वायुसेनाध्यक्ष हवाई बल में तेजी से घटती लड़ाकू विमानों की संख्या पर भी चिंता जताते हुए एचएएल द्वारा खासतौर पर स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी के मामले को लेकर भी सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जता चुके हैं। कार्यशाला में उन्होंने कहा कि एयरचीफ मार्शल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में हमें आवश्यकता के हिसाब से बदलाव करने और किसी भी जानकारी को एन्कोड, डिकोड करने की क्षमता होनी चाहिए। भारत को स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एल्गोरिदम भी विकसित करने होंगे। साइबर सुरक्षा को लेकर उनकी राय यह है कि देश के पास अपने संप्रभु प्रौद्योगिकी तंत्र, सुरक्षित नेटवर्क, डेटा भंडारण और गोपनीयता की व्यवस्था होनी चाहिए।

**अपने हथियार नष्ट न होंः** उन्होंने यह भी कहा कि वायुसेना, नागरिक उड्डयन मंत्रालय सहित केंद्र के अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच इस बात को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है कि ड्रोन की भली भांति पहचान की जा सके कि वो असली है, संदिग्ध या फिर उसे आपके किसी शत्रु द्वारा भेजा गया है। एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह के मुताबिक, हमें यह भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि अपने ही किसी ड्रोन को मार गिराने या इसके अलावा अपने ही उपयोग के लिए भेजी गई किसी वस्तु को नष्ट करने की घटनाओं से बचा जा सके।

**देश में ड्रोन का विकास महत्वपूर्णः** वायुसेनाप्रमुख ने कहा कि ड्रोन के विकास के मामले में हमें बुनियादी स्तर तक आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। इससे जुड़े हर पुर्जे को देश के अंदर बनाया जाना चाहिए। जिसके बाद ही हम यह कह सकते हैं कि मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हुआ है। अगर इसके कुछ घटकों के लिए हम दुनिया के बाकी देशों पर निर्भर रहेंगे। तो वह इसकी आपूर्ति को अपने मनमाफिक यानी सीमित या फिर कहें कि बंद भी कर सकता है। आज विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जिस तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं। उसी तेजी के साथ तकनीकी विकास भी होना चाहिए।

हमारा ध्यान पूरी तरह से इस बात पर केंद्रित होना चाहिए कि हम किसी भी रूप में बाकी लोगों से पिछड़ न जाएं। साथ ही किसी अवसर से न चूकें। रक्षा प्रौद्योगिकी का विकास होल ऑफ नेशन अप्रोच के जरिए किया जाना चाहिए। इसे कभी भी किसी एक एजेंसी, व्यक्ति या फिर समूह के माध्यम से नहीं किया जा सकता है। इसलिए सशस्त्र सेनाओं और अन्य सभी भागीदारों को मिलकर काम करना पड़ेगा। जिससे विकसित किए जा रहे ड्रोन विश्वसनीय, विस्तार योग्य, उपयोगी और आर्थिक रूप से भी अच्छे होंगे।

**यूं तय होगी ड्रोन की सफलताः** उन्होंने बताया कि युद्ध क्षेत्र में ड्रोन की सफलता स्टेल्थ तकनीक, प्रतिरोधी उपाय और अन्य तकनीकों का समान रूप से विकास के साथ ही उनके लघुकरण से जुड़ी हुई है। ड्रोन की क्षमता के बारे में बताते हुए एयरचीफ मार्शल ने कहा कि यह बड़े विमानों की तुलना में कम भार ले जा सकते हैं। ऐसे में किसी लक्ष्य को भेदते वक्त एक साथ बड़ी संख्या में ड्रोन की आवश्यकता पड़ सकती है। आज के दौर में इनकी विफलता दर भी अधिक है। जिससे यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है एक साथ कई लक्ष्यों की ओर छोड़े गए कितने ड्रोन सटीक निशाना लगा पाएंगे। प्रमाणन एजेंसियों की भविष्य में ड्रोन विकास में अहम भूमिका रहेगी। क्योंकि इन्हीं के द्वारा परीक्षण, मानकों का निर्धारण सही ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# दिल्ली स्थित छग सूचना केंद्र के सुनील सिंह को मिला प्रमोशन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सुनील सिंह को पदोन्नति के उपरांत एडिशनल डायरेक्टर (अपर संचालक) बनाया गया है। वर्तमान में वे नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सूचना केंद्र में पदस्थ हैं।



उनकी पदोन्नति से राष्ट्रीय राजधानी में राज्य की जनसंपर्क गतिविधियों और मीडिया समन्वय को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। विभिन्न मीडिया संस्थानों में काम करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में पदस्थ होकर विभिन्न राज्यों के सूचना केंद्र के कामकाज से इतर सुनील सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सूचना विभाग ने बेहतर से बेहतरीन की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सूचना केंद्र लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की नीतियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण माध्यम रहा है।

राष्ट्रीय मीडिया, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत तथा अन्य संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना केंद्र ने छत्तीसगढ़ की सकारात्मक और विकासोन्मुख छवि को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से स्थापित किया है।

कटघोरा-डोंगरगढ़ रेलवे लाइन परियोजना जेवी से विकसित करने पर सहमत

# रेल परियोजनाओं के विस्तार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हुई विस्तार से चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को संसद भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में रेलवे अधोसंरचना के विस्तार एवं लंबित रेल परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू तथा राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे भी उपस्थित रहे।

बैठक में कटघोरा-डोंगरगढ़ रेलवे लाइन परियोजना को रेलवे मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त उपक्रम (ज्वाइंट वेंचर) के माध्यम से विकसित किए जाने पर सहमति बनी। लगभग 295 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन कटघोरा, करतला, मुंगेली, कवर्धा और खैरागढ़ होते हुए डोंगरगढ़ तक पहुंचेगी, जिससे अब तक रेलवे नेटवर्क से वंचित क्षेत्रों को रेल संपर्क मिलेगा।



छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू भी साथ रहे।

मुख्यमंत्री ने रावघाट-जगदलपुर रेलवे लाइन परियोजना की प्रगति की भी जानकारी दी। बताया गया कि इस 140 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा रेलवे द्वारा निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री साय ने सरडेगा-पत्थलगांव-अंबिकापुर (244 किमी), धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा (301 किमी) तथा अंबिकापुर-बरवाडीह (200 किमी) नई रेल लाइनों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

### स्वीकृति के लिए जल्द देंगे निर्देशः मंत्री अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए इन परियोजनाओं की स्वीकृति की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र किए जाने की बात कही। बैठक में किरंदुल-कोत्तागुडेम (180 किमी) तथा गढ़चिरोली-बीजापुर-किरंदुल (बचेली) (490 किमी) नई रेलवे लाइन परियोजनाओं के सर्वेक्षण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने पर सार्थक चर्चा हुई। छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन रेल परियोजनाओं के पूर्ण होने से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक एवं आदिवासी अंचलों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय विकास, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109